ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 5, अंक 215, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली


एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ऑस्ट्रेलिया को मिल सकती है कड़ी टक्कर 15

जापान के प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 16



# हाउस टैक्स: शहर भर को फंसाकर खुश थे अफसर... 45 करोड़ बढ़ेगा राजस्व, अब टैक्स विभाग की खिड़की बंद

## टैक्स बिलों में भारी गड़बड़ियों पर भड़का गुस्सा तो बैकफुट पर आया नगर निगम, अब जल्द खिड़की न खुलने के आसार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- टैक्स विभाग ने कहा- साफ्टवेयर ठीक होने तक नहीं खोली जाएगी साइट
- बुधवार को दिन भर नोकझोंक के बाद आ गई थी मारपीट की नौबत

**अमृत विचार :** जीआईएस सर्वे के बाद नए सिरे से हाउस टैक्स लागू किया गया था तो अफसर दावा करते नहीं थक रहे थे कि बरेली नगर निगम ने अपने राजस्व में 45 करोड़ की वृद्धि की है जो पूरे प्रदेश में रिकॉर्ड है। लेकिन लोगों के पास टैक्स के बिल पहुंचते ही लापरवाही और गड़बड़ियों की पोल खुलनी शुरू हो गई। इन पर लोगों का गुस्सा इस कदर भड़का कि बृहस्पतिवार को नगर निगम में टैक्स कलेक्शन की खिड़की बंद कर दी गई। इस बीच व्यापारियों ने भी अनाप-शनाप हाउस टैक्स के खिलाफ धरना देने की चेतावनी दे डाली है।

जीआईएस सर्वे के बाद लोगों पर नगर निगम का टैक्स 80 फीसदी तक बढ़ गया है। करीब 15 दिन से नगर निगम में शिकायतें लेकर पहुंचने वालों का तांता लगा हुआ है। इन शिकायतों में बड़े पैमाने पर टैक्स बढ़ा दिए जाने के तो आरोप हैं ही, आवासीय संपत्ति को व्यावसायिक, किसी के मकान किसी और का फोटो साफ्टवेयर में अपलोड करने, गलत मोबाइल नंबर दर्ज कर दिए जाने जैसी तमाम दिक्कतें बयान की गई हैं। नगर निगम ने इस टैक्स को पिछले वित्तीय वर्ष से लागू किया है और उन लोगों के बिलों में एरियर भी जोड़ दिया है जो उसकी अदायगी कर चुके हैं। इन गड़बड़ियों पर कई दिनों से लगातार बढ़ रहे विरोध के बाद बुधवार को यहां तक नौबत आई कि लोग सही जवाब न देने पर टैक्स विभाग के कर्मचारियों से मारपीट करने पर आमादा हो गए।

इस बीच मेयर ने यह घोषणा जरूर की कि टैक्स पिछले साल से नहीं बल्कि 2024-25 से लागू होगा, लेकिन इससे लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उल्टे व्यापारियों ने भी नगर निगम के टैक्स विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने का एलान कर दिया। नतीजा यह हुआ कि बृहस्पतिवार को नगर निगम में टैक्स कलेक्शन की खिड़की को बंद कर दिया गया। टैक्स विभाग ने सफाई दी है कि गलतियों को सुधारा जा रहा है। जब तक साफ्टवेयर ठीक नहीं होगा, तब तक साइट नहीं खोली जाएगी।

### मोहल्लों में पर्चे बांटकर बताएंगे नगर निगम के कारनामे, 22 को धरना

- उद्योग व्यापार मंच की बैठक में फैसला, कहा- छूट खत्म कर भारी टैक्स लादना जनविरोधी

**बरेली, अमृत विचार :** जीआईएस सर्वे के विरोध में उप्र उद्योग व्यापार मंच की बृहस्पतिवार शाम एक होटल में हुई बैठक में आरोप लगाया गया कि जनता पर टैक्स का भारी बोझ लादने के साथ पहले से मिल रही छूट को खत्म कर नगर निगम ने जनविरोधी काम किया है। ऊपर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में जमा टैक्स पर भी एरियर दिखाया जा रहा है। बैठक में 22 जून को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में सुबह 11 बजे से धरने पर बैठने और नगर निगम के कारनामों को उजागर करने के लिए मोहल्लों में पर्चे बांटने का एलान किया गया।



उप्र व्यापार मंच की बैठक में बोलते पार्षद राजेश अग्रवाल। ● अमृत विचार

पार्षद राजेश अग्रवाल ने बैठक में कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में बरेली अकेला ऐसा शहर है जहां जनता का इस तरह का उत्पीड़न हो रहा है। वह इस समस्या के निदान के लिए सड़क से लेकर नगर निगम बोर्ड तक आवाज उठाएंगे। महानगर अध्यक्ष गौहर अली और संजय आनंद ने कहा कि वे पहले भी टैक्स की लड़ाई लड़ चुके हैं, अब फिर कमर कस ली है। ट्रेड यूनियन के संजीव मल्होत्रा ने भी सहयोग देने का वादा किया। बैठक में फुरकान शम्सी ,मनजीत मरवा, राजीव शांत, प्रथमेश गुप्ता, जफर शम्सी ,अरुण शर्मा, नावेद बेग, शरीफ भाई, नदीम प्रिंस, वीरेंद्र, शिवनाथ चौबे, राजेश भाटिया, नासिर, विजय सेठ आदि मौजूद थे।



### रुहेलखंड उद्योग व्यापार मंडल ने भी दिया ज्ञापन

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड उद्योग व्यापार मंडल ने भी बृहस्पतिवार को मुख्य कर अधिकारी को ज्ञापन देकर हाउस टैक्स के गलत बिल जारी करने और इसमें छूट न दिए जाने पर विरोध जताया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मेहरोत्रा ने बताया कि रामपुर बाग की एक कोठी में छोटी सी दुकान खोली गई है। सर्वे में पूरी कोठी को कॉमर्शियल बता दिया गया है। नगर निगम की धारा 174 के उपबंध 3/2 के तहत 20 साल पुराने भवनों पर छूट मिलती है लेकिन इसे भी समाप्त कर दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में पार्षद जयप्रकाश, राजकुमार, इकबाले सिंह, संजय टंडन, संदीप अग्रवाल आदि शामिल थे।

# आईवीआरआई की रिसर्च... एक लीटर दूध के लिए खर्च होता 800 लीटर पानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गाय और भैंस पर पानी के अप्रत्यक्ष खर्च पर डॉ. हरिओम पांडेय ने किया शोध
- औसतन 850 लीटर गाय, 830 लीटर भैंस के एक लीटर दूध पर होती है खपत

**अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान यानी आईवीआरआई के पशुधन उत्पाद विभाग के वैज्ञानिकों की दुधारू पशुओं में पानी की खपत पर की गई रिसर्च का चौंकाने वाला नतीजा सामने आया है। इस रिसर्च में पता चला है कि गाय या भैंस के एक लीटर दूध के लिए औसतन 800 लीटर पानी खर्च होता है। वैश्विक संकट बन रहे पानी की कमी की समस्या के लिहाज से इस रिसर्च को किसानों और वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण बताया गया है।

आईवीआरई के पशुधन उत्पादन प्रबंधन विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. हरिओम पांडेय के मुताबिक आईसीएआर प्रोजेक्ट के तहत पानी के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष उपयोग के बारे में पता लगाने के लिए पिछले साल यह रिसर्च शुरू की गई थी। इस रिसर्च से पता चला है कि गाय के प्रति लीटर दूध के लिए औसतन 850 लीटर पानी खर्च होता है। भैंस के लिए पानी का यह खर्च औसतन 830 लीटर होता है। पानी की यह मात्रा प्रत्यक्ष रूप से गाय और भैंस को पीने के साथ अप्रत्यक्ष रूप से उनके आहार उत्पादन और रखरखाव के लिए इस्तेमाल की जाती है।

रिसर्च के मुताबिक गाय-भैंस पर अप्रत्यक्ष रूप से खर्च होने वाला पानी मुख्य रूप से उनके आहार उत्पादन के लिए खर्च होता है। इसमें घास, चारा और अनाज की खेती में उपयोग होने वाला पानी शामिल है। इसके अलावा पशुओं की सफाई और उनके रहने की जगह की देखभाल और सफाई पर भी काफी पानी खर्च होता है। आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि पानी की कमी के संकट से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर कई अभियान चलाए जा रहे है। इस लिहाज से यह रिसर्च किसानों और नीति निर्माताओं के लिए दूध उत्पादन में पानी की खपत कम करने के लिए महत्वपूर्ण आधार बन सकती है और भविष्य में जल संकट को कम करने में भूमिका निभा सकती है। किसानों और वैज्ञानिकों को मिलकर जल-संरक्षण के उपाय ढूंढने होंगे दूध उत्पादन में पानी की खपत कम कर पर्यावरण सुरक्षित रखा जा सके।

### पानी बचाने के लिए ये सुझाव भी...

- ऐसे चारे और आहार का उपयोग किया जाए जिन्हें कम पानी की जरूरत होती है।
- पानी के पुनर्चक्रण और दोबारा उपयोग कर पानी की खपत को कम किया जाए।
- उन्नत जल-संरक्षण तकनीकों का उपयोग करके पानी की खपत कम की जाए।

# डायवर्जन: कुंभ और अवध असम पकड़ने कैंट दौड़े यात्री

- ब्लॉक की वजह से जंक्शन पर निरस्त कर दोनों ट्रेनों को चंदौसी होकर गुजारा

**बरेली, अमृत विचार :** मुरादाबाद के दुगनपुर में ब्लॉक की वजह से कुंभ और अवध असम एक्सप्रेस को कैंट स्टेशन से चंदौसी की ओर डायवर्ट कर दिया गया। रूट बदलने जानकारी मिली तो यात्रियों को आननफानन कैंट स्टेशन की दौड़ लगानी पड़ी। ऑटो वालों ने इसका फायदा उठाकर मनमाना किराया वसूला।

रेल अधिकारियों के मुताबिक मुरादाबाद-बरेली रेलखंड के दुगनपुर स्टेशन यार्ड में काम के लिए 26 जून तक ब्लॉक लिया गया है। इस वजह से कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। बरेली जंक्शन पर 15910 अवध असम और कुंभ एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे यात्रियों को पता चला कि उनकी ट्रेन जंक्शन के बजाय कैंट स्टेशन पर आएगी तो उन्हें दौड़ लगानी पड़ी। हालांकि रेल प्रशासन के मुताबिक यात्रियों को एसएमएस से सूचना दी गई थी। उधर, बरेली और रामपुर के यात्रियों को कैंट स्टेशन पर ही उतरना पड़ा। इसका फायदा ऑटो वालों ने उठाया और कैंट और बरेली जंक्शन के बीच 100 से 150 रुपये तक किराया वसूला।



कैंट स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार।

**पहले किया डायवर्ट फिर मेनलाइन से गुजारा:** 15909 डिब्रुगढ़-लालगढ़ को भी डायवर्ट किया गया था। जंक्शन से यात्री कैंट स्टेशन पहुंचे लेकिन ट्रेन छह घंटे लेट हो गई। इस पर डायवर्जन निरस्त कर उसे मेन लाइन से ही गुजारा गया। हालांकि ट्रेन को कैंट स्टेशन पर ठहराव दिया गया, ताकि जो यात्री वहां इंतजार कर रहे हों, उन्हें दिक्कत न हो।

### कई ट्रेनें पहुंचीं लेट

रेलवे ने 26 जून तक नौ ट्रेनों को रिशेड्यूल किया है। इस वजह से 04067 दरभंगा एक्सप्रेस 90 मिनट की देरी से चली जो बरेली आते-आते 10 घंटे से ज्यादा लेट हो गई। इसके अलावा 15211 दरभंगा-अमृतर तीन घंटे लेट आई। 20506 राजधानी एक्सप्रेस को 30 मिनट नियंत्रित कर चलाने से जंक्शन पर 1.34 घंटे की देरी से पहुंची। शुक्रवार को भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।


अवध असम एक्सप्रेस से भटिंडा जाना था। बरेली जंक्शन पर पर बताया गया कि ट्रेन कैंट से जाएगी इसलिए यहां दौड़कर आना पड़ा। **-हसीन खान**


गुवाहाटी जाना है लेकिन अवध असम एक्सप्रेस को डायवर्ट कर दिया गया। बरेली जंक्शन से कैंट स्टेशन आने में ऑटो वाले ने 150 रुपये ले लिए। **-सोनू कुमार**


अवध असम एक्सप्रेस से लालगढ़ जाना था। ट्रेन बरेली जंक्शन से जाती है लेकिन डायवर्जन कर दिया गया, जिसकी वजह से कैंट स्टेशन आना पड़ा। **-मोईद खान**


इस तरह ट्रेन को डायवर्ट करने से दिक्कत होती है। सफर में बच्चे भी साथ हैं। जंक्शन से कैंट आने में बड़ी दिक्कत हुई। **-आसिफ खान**



























ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 21 जून 2024
वर्ष 5, अंक 215, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड ने जीता 15

अमिताभ सर के साथ काम करना बड़ी उपलब्धिः प्रभास 16


# नीट काउंसिलिंग रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

- याचिकाओं पर केंद्र, एनटीए को नोटिस हाईकोर्ट में सुनवाई पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी 2024 को रद करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच के अनुरोध संबंधी याचिकाओं पर केंद्र, एनटीए से जवाब मांगा है। उधर, इस मामले में सीबीआई जांच की घोषणा के बाद एजेंसी ने मामला दर्ज कर लिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न हाईकोर्ट के समक्ष नीट 2024 से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई पर रोक लगा दी। अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए की चार अलग-अलग याचिकाओं पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इनमें कई हाईकोर्ट से याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने कई याचिकाओं पर विचार किया, जिनमें उन 20 छात्रों की याचिका भी है, जो 5 मई को हुई परीक्षा रद करने का अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने नए सिरे से परीक्षा कराने के निर्देश की गुहार लगाई है। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह काउंसिलिंग पर रोक नहीं लगा रही है। कुछ याचिकाकर्ता इस पर रोक चाहते हैं। पीठ ने कहा अगर आप सफल होते हैं, तो सब ठीक होगा। परीक्षा भी होगी और काउंसलिंग भी होगी। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि काउंसलिंग 8 जुलाई के बाद तक टाली जा सकती है। एनटीए के वकील ने कहा, काउंसलिंग 6 जुलाई से होगी।

# बिहार में आरक्षण बढ़ाने का फैसला हाईकोर्ट ने किया रद

सरकार को झटका

## एससी-एसटी और ओबीसी, ईबीसी आरक्षण 50% से बढ़ाकर 65% किया गया था

- उपमुख्यमंत्री ने कहा- हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली प्रदेश सरकार को तगड़ा झटका देते हुए पटना उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के लिए सरकारी नौकरियों तथा शिक्षण संस्थानों में दिए जाने वाले आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 फीसदी किए जाने के फैसले को बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने




आरक्षण पर आए पटना हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

### ईडब्ल्यूएस के कोटे से आरक्षण की सीमा 75% हो गई थी

सरकार का मानना है कि आरक्षण को लेकर उच्चतम न्यायालय की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन केंद्र द्वारा ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किये जाने के कारण पहले ही हो चुका है। इसलिए राज्य सरकार अपने आरक्षण कानूनों में संशोधन लेकर आई, जिसके तहत दलित, आदिवासी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एवं ईबीसी (आर्थिक रूप से कमजोर) वर्ग के लिए कोटा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दिया गया। ईडब्ल्यूएस के लिए कोटा मिलाकर बिहार में आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत हो गई थी। इसके अलावा बिहार सरकार ने केंद्र से यह भी अनुरोध किया था कि राज्य के आरक्षण कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में रखा जाए ताकि इसको लेकर कोई कानूनी अड़चन न उत्पन्न हो सके।

इन याचिकाओं में नवंबर 2023 में राज्य सरकार द्वारा जाति आधारित गणना के बाद आरक्षण में वृद्धि को लेकर लाए गए कानूनों का विरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं के वकीलों में से एक रितिका रानी ने कहा अदालत ने हमारी याचिका पर मार्च में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। संशोधनों (आरक्षण में वृद्धि को लेकर) ने संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 20 का उल्लंघन किया है। आज अदालत ने हमारी याचिकाएं स्वीकार कर लीं। दरअसल नीतीश कुमार सरकार ने पिछले साल 21 नवंबर को सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में वंचित जातियों के लिए आरक्षण 50 से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने की सरकारी अधिसूचना जारी की थी। बिहार सरकार द्वारा कराए गए जाति आधारित गणना के अनुसार राज्य की कुल आबादी में ओबीसी और ईबीसी की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी की कुल आबादी 21 प्रतिशत से अधिक है।












### महताब लोस के अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को गुरुवार को लोकसभा का अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 18वीं लोस का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा।

# जम्मू-कश्मीर के लोग चुनेंगे सरकार, चुनाव जल्द : मोदी

## आज डल झील पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल

- तीन हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी
- जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा भी बहाल किया जाएगा

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम दो दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंचे। दौरे के पहले दिन श्रीनगर में उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाना और जम्मू कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान जम्मू कश्मीर को तीन हजार करोड़ से अधिक परियोजनाओं की सौगात दी। शुक्रवार को वह डल झील लेक पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और वह दिन दूर नहीं जब केंद्र शासित प्रदेश के लोग अपनी सरकार का चुनाव करेंगे तथा अपना राज्य का दर्जा वापस हासिल करेंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद घाटी के अपने पहले दौरे में मोदी ने श्रीनगर में 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया। उन्होंने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान और 35 साल का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जम्मू कश्मीर के लोगों को बधाई दी और कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आप अपने वोट के जरिए अपनी सरकार चुनेंगे। ... अब समय आ गया है कि वोट के माध्यम से अपनी सरकार चुनें। इसके लिए विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है। जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा भी बहाल किया जाएगा।



श्रीनगर में एक कार्यक्रम के दौरान कश्मीरी युवतियों से वार्ता करते मोदी। • एजेंसी

### मोदी बोले-दुश्मनों को सिखा रहे हैं सबक

मोदी ने देश को आश्वस्त किया कि दुश्मनों को सबक सिखाने में वह कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इंसानियत के दुश्मनों को जम्मू एवं कश्मीर की तरक्की पसंद नहीं है और आज वे यहां का विकास रोकने के लिए आखिरी कोशिश कर रहे हैं। यहां शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपये की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 1,800 करोड़ रुपये की लागत वाली कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार (जेकेसीआईपी) परियोजना की भी शुरुआत की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर में सरकारी नौकरियों के लिए 2000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मोदी ने कहा कि आज जम्मू एवं कश्मीर में विकास के हर मोर्चे पर बड़े पैमाने पर काम हो रहा है।

## जमानत आदेश पर 48 घंटे के लिए रोक लगाने का ईडी का आग्रह खारिज

# केजरीवाल को जमानत आज हो सकती है रिहाई

- विशेष न्यायाधीश ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर दी दिल्ली के सीएम को जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

संकट में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देते हुए एक स्थानीय अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को उन्हें जमानत दे दी। बॉण्ड संबंधी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार को वह जेल से बाहर आ सकते हैं। विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने अरविंद केजरीवाल के जमानत आदेश पर 48 घंटे के लिए रोक लगाने का ईडी का आग्रह भी खारिज कर दिया।

ईडी 48 घंटे की रोक के दौरान ऊपरी अदालत जा सकती थी। विशेष न्यायाधीश ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर आम आदमी पार्टी (आप) नेता केजरीवाल को रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने साथ ही आप नेता पर कई शर्तें भी लगायीं जिनमें यह भी शामिल है कि वह जांच को बाधित करने या गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। विशेष न्यायाधीश ने केजरीवाल को यह भी निर्देश दिया कि जब भी जरूरी होगा, वह अदालत में पेश होंगे तथा जांच में सहयोग करेंगे।

विशेष न्यायाधीश ने दिन में ईडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने अपराध से हुई कथित कमाई और सह आरोपियों के साथ केजरीवाल का संबंध स्थापित करने की कोशिश की जबकि बचाव पक्ष ने दावा किया कि अभियोजन के पास आप नेता को घेरने के लिए सबूत नहीं है। ईडी मामले में चुनौती देने के लिए ऊपरी अदालत जा सकती है।



### चुनाव खत्म, जेल की जरूरत नहीं : सिब्बल

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष के दृष्टिकोण से उन्हें जेल में रखने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि चुनाव खत्म हो चुका है।

### आप ने मनाया जश्न, कहा- सत्यमेव जयते

**नई दिल्ली।** आप ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को जमानत देने का अदालत का फैसला सत्य की जीत है और यह भाजपा के मुंह पर तमाचा है। केजरीवाल को जमानत मिलने की खबर के बाद मुख्यमंत्री आवास और पार्टी मुख्यालय के बाहर जश्न मनाया और आप कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े। केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय ने अब समाप्त की जा चुकी आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। आप नेता आतिशी ने एक्स पर लिखा, सत्यमेव जयते। सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं हो सकता। भाजपा की ईडी की तमाम आपत्तियों को ख़ारिज करते हुए न्यायालय ने केजरीवाल को जमानत दे दी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक्स पर लिखा, अदालत पर भरोसा-केजरीवाल को जमानत मिल गई -सत्य की जीत हुई।

# फैमिली आईडी के साथ मिलेगी विशेष पासबुक

**लखनऊ।** राज्य सरकार नागरिकों को फैमिली आईडी के साथ एक विशेष पासबुक भी देने की तैयारी में है। फैमिली आईडी का उद्देश्य जहां लोगों को नौकरी-रोजगार समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ देने का है तो वहीं, परिवार कल्याण नाम की पासबुक में उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की इंट्री की जाएगी। एक लाख से अधिक गैर राशन कार्ड धारकों को भी फैमिली आईडी जारी की जा चुकी है। जबकि वर्तमान में लगभग 3.60 करोड़ परिवार के 15.07 करोड़ सदस्य फ्री राशन योजना का लाभ पा रहे हैं। ऐसे परिवार जो कि राशन कार्ड धारक नहीं है, उनके लिए भी https://familyid.up.gov.in पर पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त करने की व्यवस्था है। सरकार की योजना है राज्य का कोई भी परिवार इससे वंचित न रहे। एक परिवार-एक पहचान के तहत परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी किया जा रहा है, जिससे राज्य की परिवार इकाइयों का डेटाबेस तैयार होगा।



- एक लाख से अधिक फैमिली आईडी हो चुकी है जारी

### 25 करोड़ जनता को मिले लाभः योगी

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में परिवार आईडी प्रक्रिया की समीक्षा की और इस योजना का लाभ सभी परिवारों को उपलब्ध कराए जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि, परिवार आईडी सभी परिवारों के लिए है। 25 करोड़ जनता को इसका लाभ मिलना चाहिए। इसके जरिए प्राप्त एकीकृत डेटाबेस के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों को रोजगार प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि, जाति और आय प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी न हो। इस प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए। हर एक परिवार को मिल रहे शासकीय योजनाओं के लाभ का पूरा विवरण दर्शाते हुए परिवार का पासबुक भी तैयार कराया जाए। पासबुक और परिवार आईडी जारी करने से पूर्व परिवार के संबंध में सभी जानकारी को प्रमाणित किया जाए।

# ज्ञानवापी केस की सुनवाई कर चुके जज की हत्या की साजिश रच रहे हैं कट्टरपंथी

- एजेंसी के इनपुट पर लखनऊ के एटीएस थाने में रिपोर्ट दर्ज
- विवेचना के दौरान बरामद फोन व पेन ड्राइव में मिले अहम सुराग

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ज्ञानवापी मामले की सुनवाई कर चुके अपर जिला जज रवि कुमार दिवाकर को काफिर घोषित कर इस्लामिक कट्टरपंथी उनकी हत्या का षडयंत्र रच रहे हैं। लखनऊ सेशन कोर्ट में एनआईए के स्पेशल जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने इस बारे में इलाहाबाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल, प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी को पत्र भेजा है। जज रवि कुमार दिवाकर अब बरेली सेशन कोर्ट में तैनात हैं।

जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी की ओर से बृहस्पतिवार को जिला जज के जरिए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को यह पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि लखनऊ में एटीएस के थाना गोमतीनगर में एजेंसी की सूचना के आधार पर एसआई प्रभाकर ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भोपाल (एमपी) निवासी अदनान खान '@बेस्ड डॉट खिलजी' नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट चला रहा है। उसने इसी अकाउंट पर न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की फोटो लगाकर पोस्ट किया है ''दि काफिरस ब्लड इज हलाल फॉर यू, दोज हू फाइट अगेंस्ट योर दीन''।

इसके साथ जज के चेहरे पर आंखों के ऊपर लाल रंग से काफिर लिखा है। पत्र में कहा गया है कि इस पोस्ट को काफी लोगों ने देखा है जिसके जरिए अपनी विचारधारा से जुड़े लोगो को ज्ञानवापी मामले की सुनवाई करने वाले जज को मारने के लिए प्रेरित किया गया है। दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं को आहत करने के साथ राष्ट्र विरोधी कार्य भी किया जा रहा है। विवेचना में सामने आया है कि कट्टरपंथी जज की हत्या का षडयंत्र रच रहे है।

# पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की चौथी मंजिल से गिरकर मौत

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और कर्नाटक के रणजी खिलाड़ी डेविड जॉनसन की गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने से मौत हो गई। वह 52 वर्ष के थे। पूर्व क्रिकेटर के परिवार में पत्नी और दो बच्चे है। स्थानीय पुलिस ने इस बाबत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है कि कही यह मामला अत्महत्या से जुड़ा तो नहीं। क्रिकेट जगत ने डेविड जॉनसन की मौत पर शोक व्यक्त किया है।



# 20 हजार करोड़ की धोखाधड़ी में छापे

- एनसीआर, मुंबई और नागपुर में 35 जगहों पर प्रवर्तन निदेशालय ने की कार्रवाई
- एमटेक समूह और इसके निदेशकों के खिलाफ की जा रही है छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को एक कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, मुंबई और नागपुर में करीब 35 परिसरों में छापेमारी की।

कंपनी और उसके प्रवर्तक के खिलाफ 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की हेराफेरी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि एमटेक समूह और इसके निदेशकों- अरविंद धाम, गौतम मल्होत्रा और अन्य के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि सीबीआई द्वारा एमटेक सूमह की एसीआईएल लिमिटेड कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद ईडी इस मामले में धनशोधन की जांच कर रही है। सीबीआई की प्राथमिकी में कई सूचीबद्ध




कंपनियों पर 20,000 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक ऋण की धोखाधड़ी करने का आरोप है। सूत्रों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय ने भी इस मामले की ईडी से जांच की बात कही है।

ईडी के अनुसार इस धोखाधड़ी से सरकारी खजाने को लगभग 10,000-15,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ईडी का मानना है कि बैंक से ली गई कर्ज राशि को रियल एस्टेट, विदेशी निवेश और नए उद्यमों में लगाया गया।

# सड़क पर उतरी लाल-नीली बत्ती तो अफसर लाल-पीले

## लाल-नीली बत्ती और हूटर वाले 3900 वाहनों का हुआ चालान, 11 से 18 जून तक हुई कार्रवाई में एक करोड़ शुल्क वसूला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** यातायात पुलिस द्वारा लाल-नीली बत्ती व हूटर-सायरन उतारने का अभियान प्रशासनिक अफसरों को रास नहीं आ रहा है। पुलिस के इस अभियान से मजिस्ट्रेट स्तर के अफसरों में नाराजगी है। कई एडीएम और एसडीएम के साथ साथ जिलों में मुख्य विकास अधिकारी के वाहन भी इस अभियान की जद में आ रहे हैं। कई मुख्य चिकित्साधिकारी और संभागीय परिवहन अधिकारियों की बत्तियां भी उतारी गई हैं। परिणाम स्वरूप इन अफसरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि इस तरह सार्वजनिक रूप से पुलिस की ये कार्रवाई



**पौने दो लाख वाहन किए चेक, वसूले एक करोड़ से ज्यादा :** प्रदेश में यातायात पुलिस ने आठ दिनों में पौने दो लाख वाहन चेक किए हैं। जिसमें से लाल-नीली बत्ती और हूटर वाले 86 हजार वाहनों को चेक किया गया। इसमें से 3900 वाहनों का चालान करके करीब 35 लाख समन शुल्क वसूला गया। पुलिस कलर्स प्रयोग करने वाले एक लाख वाहनों को चेक किया गया, जिसमें से 9300 वाहनों का चालान किया गया और इनसे 46 लाख रुपये समन शुल्क के रूप में वसूला गया। भारत सरकार अथवा उप्र. सरकार लिखे 89 हजार वाहनों को चेक किया गया। इसमें से 6608 वाहनों का चालान किया गया। इनके वहन स्वामियों से करीब 23 लाख शमन शुल्क वसूला।

**इन अफसरों के साथ कार्रवाई चर्चा में रहीः** बहराइच के मिहीपुरवा में नायब तहसीलदार अपनी गर्भवती पत्नी को अस्पताल भर्ती कराने ले जा रहे थे, उन्हें रोककर कार्रवाई की गई। मिर्जापुर में एडीएम के वाहन में लगी बत्ती बीच सड़क उतरवाई गई।

### पीसीएस अफसर की गाड़ी से नीली बत्ती उतरवाने पर दो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**बाराबंकी।** शहर में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने बुधवार शाम ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और एसडीएम लिखे सरकारी वाहन पर लगी नीली बत्ती को उतरवा दिया। गाड़ी पीसीएस अधिकारी मधुमिता सिंह की थी। जानकारी होने के बाद भी पुलिसकर्मियों ने बत्ती को ड्राइवर से उतरवा दिया। मधुमिता सिंह बाराबंकी के रामनगर तहसील में एसडीएम न्यायिक के पद पर तैनात हैं। कार्रवाई के समय उनकी बहन गाड़ी में बैठी थीं। मधुमिता ने इसकी जानकारी डीएम को दी। डीएम ने एसपी दिनेश कुमार सिंह से बात की। पता किया तो यह कार्रवाई नगर कोतवाली के एसएसआई विष्णु शर्मा और आवास विकास चौकी इंचार्ज मनोज सिंह ने की थी। एसपी ने दोनों के खिलाफ एक्शन लेते हुए उन्हें लाइन हाजिर कर दिया।

# पूर्व विधायक सहित छह को सात साल की सजा

**रामपुर, अमृत विचारः** राणा शुगर मिल में 12 वर्ष पहले हुए मामले में पूर्व विधायक व भाजपा नेता काशीराम दिवाकर समेत छह लोगों को अदालत ने सात-सात साल की सजा और प्रत्येक पर एक लाख एक हजार का जुर्माना लगाया है।



15 जनवरी 2012 की रात शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल में गन्ना ले जा रहे किसानों का ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया था। उसके बाद अगले दिन कुछ लोगों ने राणा शुगर मिल पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव किया था। हमले में राणा शुगर मिल के कई अधिकारी और कर्मचारी घायल हो गए थे। इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, भारत, किशनपाल, संजू यादव, मेघराज समेत 39 लोगों को नामजद और 200-250 अज्ञात के खिलाफ मामला चीनी मिल प्रबंधन की ओर से दर्ज कराया गया था।

MAXLIFE Superspeciality Hospital & Pammy IVF Centre
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड पम्मी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग M.B.B.S., D.C.H. Child Specialist नवजात शिशु एवं सिरियस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद M.B.B.S., M.S., (Fmas) Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार M.B.B.S., M.S., MCH न्यूरोसर्जन दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद D. Ortho, DNB (Ortho) Trauma, Joint Replacement Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल MBBS MS (Gen.Surgery) Mch. (Plastic Surgery) Cosmetic Hair Transplant. Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद M.B.B.S., M.D., Physician ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
•CATHLAB •ICU •CCU •ANGIOPLASTY •NICU •ECHO TMT •ANGIOGRAPHY •HDU •PACEMAKER •DIALYSIS •VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, एडवांस आई.सी.यू., एडवांस एन.आई.सी.यू., कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact : 0581-2990926 0581-2990928

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED B.A.M.S. अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY B. Pharma बी. फार्मा अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma डी. फार्मा अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL Diploma O.T. डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING B.Sc. Nursing बी.एससी. नर्सिंग अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M. डिप्लोमा महिला हैल्थ वर्कर अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट कान्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र 8171489611, 7248343676 9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र 9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार एम.एस. (आर्थो) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ 12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ 12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता एम.एस. (जनरल सर्जन) लैप्रोस्कोपिक सर्जन 12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी एम.डी., गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ 3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता एम.डी. नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000 8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565 9410002566

# अब दलितों-पिछड़ों, अल्पसंख्यकों के हक पर कोई डाका नहीं डाल पाएगा

## अहिल्याबाई होल्कर जयंती के कार्यक्रम में बोले सपा प्रदेश अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मंच पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के साथ सपा नेता।

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि लोगों को जगाने के लिए अखिलेश यादव की पीडीए की मुहिम रंग ला रही है। पिछड़ा, दलित और आदिवासी के साथ आधी आबादी की जागरूकता ने भाजपा के मंसूबों को विफल करने का काम किया है। अब दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हकों पर कोई डाका नहीं डाल पाएगा। पीलीभीत बाईपास रोड स्थित एक बारात घर में हुए अहिल्या बाई होल्कर जयंती समारोह में उन्होंने ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि देश के किसी दल में प्रदेश अध्यक्ष जैसा प्रमुख पद पाल समाज को नहीं दिया। सपा ने यह देकर साबित किया है पार्टी में वर्ग का सम्मान है। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का दो चांदी के मुकुट पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक नरेश कुमार पाल, विक्रांत पाल, अनिल पाल, लकी पाल, चंद्रसेन पाल, मुकेश पाल ने भी उनका स्वागत किया।

समारोह को प्रदेश महासचिव एवं विधायक अताउर रहमान और जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने भी संबोधित किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, अगम मौर्य, नेहा यादव, कलीमुद्दीन, सूरज यादव, अशोक यादव, प्रमोद यादव, सुरेन्द्र सोनकर, आदेश यादव आदि मौजूद रहे। इसके अलावा जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

### चुनाव के बाद भी नहीं थमा पेपर लीक का सिलसिला

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश की कानून व्यवस्था ठीक नहीं है। हर जिले में अपराध बढ़ा है। पुलिस में भी भ्रष्टाचार बढ़ा और ऑडियो-वीडियो के जरिए सामने आ रहा है। जब व्यवस्था ही गड़बड़ है तो गुंडे-बदमाश हूटर बजाते हुए ही सड़कों पर चलेगें। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने ये बातें सपा कार्यालय में गुरुवार को हुई पत्रकार वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार आरक्षण खत्म करना चाहती है। उसे धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। जिस अनुपात में आरक्षित वर्ग को नौकरी मिलनी चाहिए वह नहीं मिल रही है। लोकसेवा आयोग के डॉक्टरों के पदों में ओबीसी वर्ग में 58 पद और एससी वर्ग में सिर्फ 35 पद पर ही भर्ती की है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में पेपर लीक नहीं होते थे और उस समय युवाओं को नौकरी मिलती थी लेकिन भाजपा सरकार में युवाओं का एक तिहाई जीवन पेपर लीक होने से सरकार खत्म कर रही है। लोकसभा चुनाव से पहले भी पेपर लीक हुए और चुनाव के बाद भी पेपर लीक का सिलसिला रुका नहीं है। उन्होंने कहा कि हम भले ही सत्ता में नहीं आ पाए हों लेकिन जनता ने इतना प्यार दिया है कि अब सरकार की मनमानी नहीं चलने देगें। विपक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी सौंपी है उसके बखूबी निभाएंगे। लोकसभा चुनाव में जहां कमियां रह गई हैं, उसे विधानसभा चुनाव में सुधारा जाएगा। विधानसभा में सपा का बेहतर प्रदर्शन होगा। वार्ता के समय प्रदेश महासचिव अताउर रहमान, जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, सुल्तान बेग, विजय पाल, शुभलेश यादव, रवीन्द्र यादव, प्रवक्ता मयंक शुक्ला, साजिद खां आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी) हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. रजनीकांत साहू MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow) Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi वरिष्ठ न्यूरो सर्जन मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8 7017678157

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटिना एवं ग्लोकोमा की जांच उपलब्ध
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior) वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. आशीष सक्सेना MBBS, MS, FIAGES, FELS जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ♦ दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ♦ हर्निया का ऑपरेशन ♦ अपेंडिक्स का ऑपरेशन ♦ पित्त की नली की पथरी ♦ बवासीर, भगन्दर, फिशर ♦ हाईड्रोसील ♦ स्तन की गांठ का ऑपरेशन ♦ पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ♦ पाइलोनाइडल साइनस ♦ इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

### डॉ. अनीस बेग ने समर्थकों के साथ किया प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के पहली बार बरेली आगमन पर डॉ. अनीस बेग ने समर्थकों के साथ उनका स्वागत किया। बारात घर में हुए स्वागत कार्यक्रम के दौरान मीरगंज के पूर्व विधायक सुल्तान बेग भी समर्थकों के साथ उपस्थित रहे।

### कोटेदार पर ग्रामीणों ने लगाया कम राशन देने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** ई-वेइंग मशीनें लगने के बावजूद कोटेदारों पर कम राशन देने के आरोप लग रहे हैं। आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के गांव क्योना शादीपुर के लोगों ने आरोप लगाया कि कि कोटेदार कई साल से कम राशन दे रहा है। सभी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट एक से दो किलो तक राशन कम दिया जाता है। कार्ड धारक अगर इसका विरोध करते हैं तो उनके साथ अभद्रता की जाती है। लोगों ने एसडीएम औ जिलापूर्ति अधिकारी से शिकायत की। शिकायत करने वालों में आमिर खान, अख्तर शाह, चरन सिंह, रियासत खान आदि शामिल रहे। वहीं आमिर खान ने मुख्यमंत्री को कम राशन देने का शिकायती पत्र भेजा है। जिलापूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### अधिशासी अभियंताओं को दिए बिल वसूली तेज करने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली अधिकारियों ने लखनऊ में होने वाली पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन की समीक्षा बैठक को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने शहरी क्षेत्र के सभी अधिशासी अभियंताओं को पिछले साल की तुलना में इस बार 25 प्रतिशत अधिक बकाया राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में पिछले साल की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक वसूली करने को कहा है। कम वसूली होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। गुरुवार को अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने सभी अधिशासी अभियंताओं के साथ बैठक कर राजस्व वसूली तेज करने के साथ ही उपभोक्ताओं की शत प्रतिशत बिलिंग कराने को कहा है। लखनऊ में 28 जून को होने वाली बैठक की भी सभी तैयारी समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।




# डरे हुए हैं लोग... अब फिर आवासों में होगा पानी, विकास बहा ले जाएगा नाला

## नाले की सफाई न होने से आवास-विकास कॉलोनी में हर साल होता है भारी जलभराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम नालों की सफाई का दावा कर रहा है। इसके लिए करोड़ों रुपये खर्च भी हो चुके हैं। बरसात से पहले सभी नालों की सफाई करने की बात कही जा रही है, लेकिन हकीकत में अभी शहर के अधिकांश नाले गंदगी से अटे पड़े हैं। सिविल लाइंस के पास आवास विकास कॉलोनी के लोगों को चिंता सताने लगी है कि बारिश का मौसम नजदीक है और अभी तक मुख्य नाला साफ नहीं हो पाया है। ऐसे में बारिश हुई तो पानी घरों में घुस जाएगा।



आवास विकास कॉलोनी के लिए हर साल मुसीबत बनता है यह नाला। ● अमृत विचार

वार्ड नंबर 32, गांधी उद्यान में आईजी, सीएमओ कोठी के सामने का मुख्य नाला अभी तक साफ नहीं हुआ है। यहां पर आवास विकास, सिविल लाइन, अक्षर विहार तक जलभराव होता है। महिलाओं ने बताया कि नाले की सफाई न होने से घर में पानी घुस जाता है। इसका इंतजाम समय रहते होना चाहिए। कुछ लोगों ने बताया कि कमरे और बरामदे का फर्श ऊंचा करवा दिया, लेकिन इसके बाद भी बारिश के समय में पानी घुस ही जाता है। इसकी शिकायत भी नगर निगम में कई बार की गई, पर निदान नहीं हो सका। उद्यमी व समाजसेवी आरपी आर्य ने कमिश्नर से शिकायत कर समस्या के निदान की मांग की है। पार्षद पुष्पेंद्र माहेश्वरी ने बताया कि नाला सफाई का काम बहुत जल्द हो जाएगा। इसके लिए निर्देश दिए जा रहे हैं।

### हर साल करते हैं शिकायत, अफसर सुनते ही नहीं



अक्षर विहार के पास नाला साफ न होने से चिंता सता रही है, क्योंकि बारिश का मौसम नजदीक है। शिकायत कर चुके हैं लेकिन पार्षद भी कुछ देखने नहीं आते। अफसरों के आवासों में भी पानी भर जाता है। **–जूही गुप्ता**



नाला साफ न होने से जरा बारिश में कॉलोनी में जलभराव हो जाता है। कई दिनों तक परेशानी होती है। अगर समय से नाला साफ हो जाए तो समस्या न हो लेकिन किसी का ध्यान इस ओर नहीं है। **– सुनीता शर्मा**



नाला साफ न होने से घर के बरामदे तक पानी भर जाता है। चंद दिनों में ही मानसून आने वाला है। नाला साफ नहीं हुआ है। हमने कमिश्नर को बताया है। निगम को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। **– आरपी आर्य, उद्यमी**



हर साल घरों में बारिश का पानी घुस जाता है। फर्श भी ऊंचा करा लिया, फिर भी पानी नहीं रुकता। सर्वाधिक परेशानी हम महिलाओं को होती है। अधिकारियों को इसकी जरा परवाह नहीं है। **– स्वाति गुप्ता**



पॉश कॉलोनी होने के बाद भी जलनिकासी का इंतजाम यहां नहीं है। नाला समय से साफ नहीं किया गया है। इससे सड़कों पर बारिश में पानी भर जाता है और लोगों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। **– नीलिमा अग्रवाल**



बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। नाले में कूड़ा जमा होने से बहाव रुक गया है। बारिश में यहां बुरा हाल हो जाता है। नाला साफ न होने से इस बार भी लोगों को जलभराव से जूझना पड़ेगा। **– संजय सक्सेना**

## एयरफोर्स के पास बन रहीं पांच अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर



एयरफोर्स के अफसरों की मौजूदगी में बीडीए की टीम ने अवैध कालोनी में की कार्रवाई।

**बरेली, अमृत विचार :** एयरफोर्स की चारदीवारी के आसपास बन रहीं पांच अवैध कालोनियों पर बृहस्पतिवार बीडीए ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। इन कॉलोनियों को बिना नक्शा पास कर बसाया जा रहा था।

भोजीपुरा के भूड़ा गांव के पास एयरफोर्स की दीवार से सटाकर बड़ा बाईपास के किनारे फकीरा खां लगभग पांच बीघा क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी का निर्माण करा रहे थे। इसी क्षेत्र में सुल्तान खां और दरोगा सिंह भी लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी बसा रहे थे। बीडीए की प्रवर्तन टीम ने दोनों कॉलोनी के निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया और सड़क को भी खोद डाला। इसके अलावा अलताफ अहमद लगभग 12 बीघा और मास्टर कुशल चार बीघा और मास्टर फिरोज चार बीघा में अवैध कॉलोनी का निर्माण करा रहे थे। इसे भी बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन दल में बीडीए के अधिशासी अभियंता प्रवर्तन योगेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता अनिल कुमार, हरीश चौधरी और अवर अभियंता रमन अग्रवाल आदि रहे।

# बेपरवाही: सुबह तक ठीक नहीं हुए आंधी में हुए फाल्ट

## सिविल लाइंस, हरुनगला और किला में सबसे ज्यादा दिक्कत, बिजली न आने से रात भर नहीं सो सके लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** तेज आंधी और बारिश की वजह से शहर के अधिकतर इलाकों में फाल्ट होने से अंधेरा छा गया। कई जगह पर सुबह तक फाल्ट न होने से रात भर बिजली गुल रही और लोगों की नींद खराब हो गई। ट्रांसमिशन से बिजली नहीं मिलने पर सिविल लाइंस के कई इलाकों में दिक्कत हुई। किला के बानखाना, मलूकपुर और अन्य जगह पर भी यही हाल रहा। वहीं हरुनगला में 33 केवी की लाइन पर पेड़ गिरने से बिजली गुल हो गई।

बुधवार रात तेज आंधी में परसाखेड़ा से आने वाली 33 केवी की लाइन पर पेड़ गिर गया। इसकी वजह से फाल्ट होने से सुभाषनगर उपकेंद्र के बीडीए वन, तिलक कॉलोनी की सप्लाई पूरी रात बंद रही। वहीं अन्य मोहल्लों में लोकल फाल्ट से बिजली गुल रही। सुभाषनगर के कालीचरन मार्ग और प्रगतिनगर में गुरुवार को ट्रांसफार्मर में खराबी की वजह से बिजली का आना-जाना लग रहा। वहीं बुधवार रात जगतपुर में 33 केवी की भूमिगत केबल खराब होने से सुबह 4 बजे तक बिजली गुल रही।



मलूकपुर में टूटकर गिरा तार।

> बारिश और आंधी में पेड़ गिरने से शहर में कई जगह फाल्ट हुए। ज्यादातर जगहों पर रात में ही काम कराकर आपूर्ति बहाल की गई तो कुछ जगह सुबह आपूर्ति चालू हो सकी।
> **–अंबा प्रसाद वशिष्ठ,** अधीक्षण अभियंता

किला उपकेंद्र के बानखाना के 11 केवी फीडर में गुरुवार दोपहर 2 बजे फाल्ट होने से शाम 6 बजे तक आपूर्ति बाधित रही। किला के फीडर नंबर एक में तेज आंधी में 11 केवी की लाइन में फाल्ट होने से जसोली, रेती, दूल्हा मियां के मजार के आसपास सुबह 4 बजे तक बिजली गुल रही। वहीं गुरुवार की शाम पौने छह बजे मलूकपुर नाले के पास अचानक चिंगारी निकलने के बाद तार टूटकर सड़क पर गिर गया। इससे अफरातफरी मच गई और यातायात बाधित हो गया। जोगी नवादा में बड़े कब्रिस्तान के पास बुधवार की रात ट्रांसफार्मर में खराबी होने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इसके अलावा नदोसी, नकटिया, कुतुबखाना, कोहाड़ापीर और शाहदाना आदि क्षेत्रों में बिजली संकट रहा।

### आंधी में टूटे तीन सौ से अधिक बिजली के पोल

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में बुधवार रात आई तेज आंधी और पानी से बिजली व्यवस्था धड़ाम हो गई। ग्रामीण क्षेत्र में तीन सौ से अधिक बिजली के पोल पेड़ गिरने से टूट गए। इससे कई इलाकों में पूरी रात बिजली गुल रही। कर्मचारियों ने गुरुवार को पेड़ों को हटाकर पोल सही कराए। अधिकारी करीब 35 लाख से अधिक के नुकसान का दावा कर रहे हैं।



चनहेटा गांव में बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर खराब हो गया और पूरे इलाके की बिजली गुल हो गई। आंधी-पानी में कई जगह बिजली की लाइन, इंसुलेटर, कंडक्टर और अन्य उपकरण भी खराब हो गए। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि तेज आंधी में तीन सौ से अधिक पोल गिरने से करीब 35 लाख का नुकसान हुआ है। कर्मचारियों को लगाकर नए पोल लगवाकर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया।

### सनसिटी उपकेंद्र की सप्लाई आज चार घंटे रहेगी बंद

**बरेली, अमृत विचार :** सनसिटी सब स्टेशन के वीर सावरकरनगर फीडर को दो अलग-अलग फीडर बनाने के काम किया जाएगा। इसकी वजह से आकांक्षा इंक्लेव, आकांक्षा होम को महानगर उपकेंद्र से जोड़ा जाएगा। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि इसकी वजह से महानगर उपकेंद्र के परवाना नगर फीडर और उपकेंद्र सनसिटी की सप्लाई सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी।

# बारिश से पांच डिग्री गिरा पारा, 25 से मानसून

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार रात तेज आंधी और बारिश से गुरुवार को तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान 5 और न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। जून में 19 दिन बाद अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। गुरुवार को दिन में तेज धूप खिली लेकिन लू न चलने से राहत रही। मौसम विभाग ने 25 से मानसून आने का अनुमान जताया है।

पिछले करीब 10 दिनों में जिले में अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था। इसके अलावा लू चलने से लोग बेहाल हो रहे थे। इसके अलावा न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री के आसपास बना हुआ था। गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक रहा लेकिन न्यूनतम तापमान सामान्य से भी 2 डिग्री नीचे चला गया। पिछले 24 घंटे में 2.3 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। इस दौरान हवा में नमी सुबह 74 प्रतिशत और शाम को 43 प्रतिशत दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार से सोमवार तक हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

### जजेज कॉलोनी में तैनात होमगार्ड में मिले हीट स्ट्रोक के लक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** जजेज कॉलोनी में एक जज के आवास पर तैनात होमगार्ड की गुरुवार दोपहर अचानक तबीयत खराब हो गई। साथियों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हीट स्ट्रोक के लक्षण मिले हैं। होमगार्ड सुरेश को अचानक उल्टी और पेड़ में दर्द शुरू हुआ था और वह बेसुध होने की स्थिति में थे। जिला अस्पताल में गुरुवार को मरीजों की काफी भीड़ रही। पर्चा काउंटर से ओपीडी और दवा काउंटर तक मरीजों की लंबी लाइनें लगी रही।

# बाइक-टेंपो की भिड़ंत में तीन की मौत

- मनौना धाम के दर्शन कर बाइक से घर लौट रहे थे, टेंपो में सवार आधा दर्जन लोग घायल

संवाददाता, बरसेर

**अमृत विचार :** सिरौली रामनगर रोड पर सोना धनौरा चौराहे पर बाइक और टेंपो में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक, पांच वर्षीय बालक और टेंपो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन सवारियां घायल हो गईं। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव धनौरा गौरी निवासी दीपक पांडे (18) गुरुवार को बहन काजल और बुआ नीरज के साथ मनौना धाम के दर्शन करने गए थे। दूसरी बाइक से दीपक के ही गांव की चेरी पांच वर्षीय बेटे अक्षय के साथ मनौना धाम गई थीं। दोपहर में जब दीपक घर आ रहे थे तो चेरी ने बेटे अक्षय को उनकी बुआ के साथ भेज दिया।



घायलों को अस्पताल भेजती पुलिस।

सिरौली-रामनगर रोड पर सोना-धनौरा चौराहे पर दीपक की बाइक और टेंपो में आमने सामने भिड़ंत हो गई। टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में बाइक सवार दीपक, उनकी बहन, बुआ और अक्षय घायल हो गया। टेंपो में बैठे दस्तमपुर गांव निवासी असगर बेग (50) की मौके पर मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन सवारियां घायल हो गईं। पुलिस और राहगीरों ने सभी घायलों को सीएचसी रामनगर भेजा। यहां गंभीर हालत में दीपक और अक्षय को जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में दीपक और अक्षय की मौत हो गई। वहीं, पुलिस ने असगर बेग के बहनोई की तहरीर पर अज्ञात टेंपो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नालों की सफाई कराएं

**बरेली, अमृत विचार :** अपर आयुक्त न्यायिक ने मंडल के जिलों के एडीएम प्रशासन को पत्र भेजकर बारिश के मौसम में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति और नालों की सफाई सुनिश्चित करने को कहा है।

# अब रिश्वतखोरी पर डंडा, बैरियर टू चौकी इंचार्ज और थाना सीबीगंज के दरोगा-सिपाही निलंबित

- आईजीआरएस पर झूठी रिपोर्ट देने के मामले में भी फंसे चौकी इंचार्ज
- दरोगा-सिपाही पर शिकायत करने वाले से 10 हजार रुपये मांगने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** लगातार तगड़ी फजीहत से महकमे की साख दांव पर लगी तो अफसरों ने अब रिश्वतखोर और लापरवाह पुलिस वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को एसएसपी ने अलग-अलग मामलों में बैरियर टू चौकी इंचार्ज और थाना सीबीगंज के एक दरोगा और सिपाही को निलंबित कर दिया।

थाना इज्जतनगर की बैरियर-टू चौकी इंचार्ज संजीव कुमार को चोरी के मामले में लापरवाही पर गुरुवार देर रात एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने निलंबित कर दिया। एसएसपी ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने का भी आदेश दिया है। गांव धौरेरा माफी निवासी ओमप्रकाश निवासी ग्राम के घर 16 मार्च की रात को चोरी हो गई थी लेकिन चौकी इंचार्ज ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। इसके अलावा मामले में काफी देर करने के साथ आईजीआरएस पर झूठी रिपोर्ट भेज दी। इसके अलावा विवेचनाओं में भी अनियमितता की। वहीं चौकी की चीता मोबाइल पर प्राइवेट व्यक्ति का फोटो भी वायरल हुआ था।

थाना सीबीगंज में तैनात दरोगा रत्नेश कुमार और सिपाही पंकज कुमार को शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये मांगने के आरोप में निलंबित किया गया। एसएसपी के मुताबिक 5 जून को गांव दौली रघुवरदयाल सीबीगंज निवासी जाकिर हुसैन ने शिकायत की थी कि हल्का नंबर तीन में तैनात दरोगा रत्नेश कुमार ने प्रार्थना पत्र लेने के बावजूद भी उनके प्रार्थना पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की। साथ ही प्रार्थना पत्र को आरक्षी पंकज को दे दिया। आरोप है कि पंकज ने जाकिर हुसैन से कहा कि 10 हजार रुपये दे दो तो दरोगा जी पूरे मामले को निपटा देंगे। आरोप है कि इस दौरान सिपाही पंकज ने तहरीर में भी कुछ बदलाव करने को कहा। जाकिर ने एक ऑडियो भी दिया। इसके बाद उन्होंने जांच कराई तो आरक्षी पंकज की ओर से पैसे मांगने और दरोगा की प्रकरण में संलिप्तता पाये जाने का आरोप सही पाया गया।

### एसपी देहात दक्षिणी आज सीओ लाइन के दर्ज करेंगे बयान

**बरेली, अमृत विचार :** अपने आवास पर फ्री में एसी लगवाने और होम थियेटर न दिलाने पर जीपी स्टोर इंचार्ज को हटाने के मामले में घिरे सीओ लाइन प्रियतोष त्रिपाठी समेत नौ लोगों के शुक्रवार को एसपी दक्षिणी मानुष पारीक बयान दर्ज करेंगे। सीओ लाइन 10 दिन के अवकाश पर गए थे। इस मामले में आरोप लगाने वाले हेड कॉन्स्टेबल को निलंबित किया जा चुका है।

पुलिस लाइन में जीपी स्टोर इंचार्ज रहे हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार ने आरोप लगाया है कि आरआई हरमीत के कहने पर सीओ लाइन प्रियतोष त्रिपाठी के सरकारी आवास पर एसी लगवा दिया गया। एसी के अनुमति पत्र पर आरआई से हस्ताक्षर कराने के बाद सीओ के पास गए तो उन्होंने हस्ताक्षर न करते हुए इसे एडजेस्ट करने को कहा। साथ ही अनुमति पत्र पर लिखा हुआ पेन से काट दिया। सीओ ने आवास के लिए होम थियेटर न दिलाने पर बकौल स्टोर इंचार्ज सीओ ने उसे चेतावनी देते हुए धर्मेंद्र को स्टोर इंचार्ज के पद से हटाकर प्रदीप कुमार कसाना को स्टोर इंचार्ज बना दिया।

# आंधी में पेड़ गिरने से ओएचई ट्रेन के पेंटोग्राफ में उलझी

**बरेली, अमृत विचार :** तेज आंधी की वजह से पीतांबरपुर और टिसुआ के बीच ओएचई लाइन पर पेड़ टूटकर गिर गया। इस दौरान वहां से गुजर रही ट्रेन के पेंटोग्राफ में ओएचई फंस गई और पेंटोग्राफ और ओएचई टूट गई। इससे करीब दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। सत्याग्रह एक्सप्रेस करीब तीन घंटा से ज्यादा जंक्शन पर खड़ी रही।



बुधवार देर रात 10 बजे ओएचई पर पेड़ गिरा तो उस समय 15058 आनंदबिहार-गोरखपुर एक्सप्रेस लाइन से गुजरी और इंजन के पेंटोग्राफ में ओएचई का तार उलझ गया और पेंटोग्राफ टूट गया। टीआरडी, आरपीएफ और ऑपरेटिंग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। इसकी वजह से ट्रेनों को बरेली जंक्शन, बरेली कैंट, नगरिया सादात, सीबीगंज, मिलक, रामपुर, मुरादाबाद आदि स्टेशनों पर रोक दिया गया। छह घंटे मशक्कत के बाद लाइन को क्लियर किया जा सका तो बरेली जंक्शन पर करीब चार घंटा तक खड़ी रही 15274 सत्याग्रह एक्सप्रेस को सुबह चार बजे के आसपास रवाना किया गया। रामपुर से शाहजहांपुर के बीच सात स्थानों पर ट्रैक आंधी की वजह से बाधित हुआ। वहीं हरदोई और आलमनगर में भी तार टूटने से दिक्कत हुई। अप लाइन पर ट्रैक बाधित होने से कटरा, तिलहर, बंथरा, शाहजहांपुर समेत कई स्टेशनों पर ट्रेनों को रोका गया।

**इन ट्रेनों का संचालन हुआ प्रभावित :** 18104 जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 4 घंटा 12 मिनट, 14604 जनसाधारण 4 घंटा 21 मिनट, 14206 अयोध्या 4 घंटा 08 मिनट, 14208 पद्मावत 3 घंटा 43 मिनट, 14242 नौचंदी 3 घंटा 43 मिनट, 13020 बाघ एक घंटा, 12230 लखनऊ मेल 2 घंटा 57 मिनट, 22418 महामना 8 घंटा 19 मिनट, 05048 वाराणसी समर स्पेशल 8 घंटा 22 मिनट, 12212 मुजफ्फरपुर गरीबरथ 4 घंटा 44 मिनट और 22199 सुशासन एक्सप्रेस 4 घंटा 22 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची।

# छुट्टा पशु और भीषण गर्मी ने छोटी कर दी भाजपा की जीत

- पार्टी के पर्यवेक्षकों ने सिविल लाइंस भाजपा कार्यालय पर बैठक कर की चुनाव परिणाम की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली सीट पर लोकसभा चुनाव में भाजपा को पिछली बार से कुछ वोट जरूर ज्यादा मिले लेकिन उसकी जीत का आकार रुपये में 20 पैसे बराबर ही रह गया। बुधवार को हाईकमान की ओर से भेजे गए पर्यवेक्षक ने समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों से फीडबैक लिया तो इसके लिए भीषण गर्मी और चुनावी मुद्दों के साथ पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान न मिलने जैसे कई कारण गिनाए गए।

बरेली में पार्टी ने आठ बार सांसद रहे संतोष गंगवार का टिकट काटकर छत्रपाल गंगवार को मैदान में उतारा था। इस पर शुरू में अंदरखाने जमकर विरोध हुआ लेकिन बाद में उसे शांत कर लिया गया। छत्रपाल गंगवार ने चुनाव में 2019 की तुलना में कुछ वोट जरूर ज्यादा पाए लेकिन जीत का अंतर उसकी तुलना में करीब 20 फीसदी ही रह गया। अब भाजपा हाईकमान यह वजह तलाश करने की कोशिश कर रही है कि विपक्ष के उम्मीदवार को पिछले चुनाव की तुलना में करीब 1.40 लाख वोट कैसे ज्यादा मिले। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने इसकी समीक्षा के लिए कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सिंह और पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था जिन्होंने बृहस्पतिवार को सिविल लाइंस भाजपा कार्यालय में बैठक की।

दोनों वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ करीब दो घंटे चली इस बैठक में बरेली के संगठन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ मंडल, बूथ अध्यक्ष, महानगर की टीम और युवा मोर्चा के पदाधिकारी शामिल थे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक कई पदाधिकारियों ने भाजपा की छोटी जीत के लिए भीषण गर्मी को कारण बताते हुए कहा कि इस बार मतदाता घरों से कम निकले। छुट्टा पशुओं को लेकर लोगों में नाराजगी थी, जिसकी वजह से काफी वोटर पार्टी से छिटक गए। संगठन के पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान न मिलने की बात भी रखी गई। आयुष्मान योजना में सरकार की ओर से किए गए बदलाव को भी वजह बताया गया। कहा गया कि न्यूनतम छह सदस्यों वाले परिवार को ही योजना का लाभ मिलने की शर्त से लोगों में नाराजगी रही। कई लोगों ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि भी कार्यकर्ताओं की नहीं सुनते हैं।

# कोई और आसरा नहीं इसलिए अनाथालय नहीं छोड़ना चाहते मगर प्रबंध कमेटी कर रही है हमें प्रताड़ित

- बाल संरक्षण अधिकारी के सामने लड़कियों ने बताई अपनी मजबूरी
- कहा- दबाव डालकर करा लिए एग्रीमेंट पर साइन, कई बार दे चुके हैं नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आर्य समाज अनाथालय को उसकी नियमावली के विरुद्ध बंद करने और यहां रह रही लड़कियों को जबरन निकालने के मामले में जांच शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को बाल संरक्षण अधिकारी संध्या जायसवाल ने अनाथालय पहुंचकर उन तीनों लड़कियों के बयान दर्ज किए जिन्हें प्रबंध कमेटी ने 30 जून तक निकलने का अल्टीमेटम दिया है। लड़कियों ने अपने बयान में प्रबंध कमेटी पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के साथ दबाव डालकर उनसे एग्रीमेंट कराने का आरोप लगाया है।

अनाथालय से तमाम लड़कियों को निकाला जा चुका है और अब वहां तीन लड़कियां ही बची हैं। डीएम रविंद्र कुमार के आदेश पर जांच शुरू होने से बेआसरा होने की आशंका से घबराई इन लड़कियों में कुछ उम्मीद जगी है। बृहस्पतिवार को बयान लेने पहुंची बाल संरक्षण अधिकारी को लड़कियों ने बताया कि उनकी सुरक्षा और जीवनयापन का कोई और जरिया नहीं है, इसलिए वे अनाथालय से नहीं जाना चाहतीं, लेकिन प्रधान ओमकार आर्य और मंत्री विनय सक्सेना उन पर लगातार अनाथालय छोड़ने का दबाव बना रहे हैं। कुछ समय पहले उन्होंने खुद एक एग्रीमेंट का प्रारूप तैयार कर उनसे जबरन उस पर हस्ताक्षर करा लिए हैं। पहले भी उन्हें कई बार अनाथालय खाली करने का नोटिस दिया जा चुका है।

लड़कियों ने अपने बयान में यह भी कहा कि आत्मनिर्भर और सक्षम होने तक वे यहां से नहीं जाना चाहतीं, लेकिन प्रबंध कमेटी के पदाधिकारी उन पर लगातार दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। बाल संरक्षण अधिकारी ने तीनों लड़कियों से उनके आधार कार्ड, उन्हें दिए गए नोटिस के साथ उनकी फोटो भी ली है।

> आर्य समाज अनाथालय में जांच करने गई थी। जांच रिपोर्ट डीपीओ को सौंपी जाएगी। इस संबंध में बाकी जानकारी डीपीओ ही दे पाएंगी।
> **– संध्या जायसवाल,** बाल संरक्षण अधिकारी

### जांच के साथ सलाह, तुम लोग शादी करो या कहीं जॉब ढूंढो

जांच करने पहुंचीं बाल संरक्षण अधिकारी ने लड़कियों को सलाह दी कि वे लोग शादी करें और कहीं जॉब ढूंढें। बोलीं, संस्था के लोग निकाल ही रहे हैं तो हम भी कुछ नहीं कह सकते। प्रबंध समिति ने तो पहले ही नोटिस भी दे रखा है और तुम लोगों ने एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर भी किए हैं।

### प्रधान के खिलाफ छेड़खानी का फिर खुल सकता है केस

**बरेली, अमृत विचार :** अनाथालय के प्रधान ओमकार आर्य के खिलाफ आठ साल की बच्ची से छेड़खानी करने के मामले में दोबारा विवेचना हो सकती है। किला निवासी अवधेश चंद्र मांगलिक की ओर से इस बारे में मुख्यमंत्री को पत्र लिखने और आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद शासन ने डीएम को इस पर कार्रवाई का आदेश दिया है। आरोप है कि अनाथालय के प्रधान को बच्ची से छेड़खानी के मामले में 14 अक्टूबर 2023 को रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था लेकिन कमजोर विवेचना और पैरवी की वजह से 20 दिन में ही उसे जमानत मिल गई थी।

### फिर प्रशासन के अफसरों से मिले ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली ट्रेड यूनियन फेडरेशन के पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने बृहस्पतिवार को फिर एडीएम सिटी और सिटी मजिस्ट्रेट से मिलकर आर्य समाज अनाथालय बंद न होने देने की मांग की और उन्हें इस संबंध में कई साक्ष्य भी सौंपे। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रशासन से सामाजिक सरोकार के तहत जनहित में अनाथालय को बंद न करने और पहले की तरह संचालित कराने की मांग की है। शिष्टमंडल की अगुवाई कर रहे महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि अनाथालय जिले की धरोहर तो है ही, बेसहारा और अनाथ बच्चों का सबसे पुराना आश्रय भी है। इसे बंद करना अनाथ बच्चों के साथ समाज के लिए भी उचित नहीं होगा। उन्होंने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट ने उनकी मांग को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस मामले की जांच एडीएम प्रशासन को दी गई है। एडीएम प्रशासन ने भी उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिष्टमंडल में मुकेश सक्सेना, जितेंद्र मिश्र, ललित, राजेश तिवारी भी शामिल थे।







# सेंट्रल जीएसटी की टीम बीएल एग्रो परिसर में सर्वे करने पहुंची

- बंद हो चुकी लक्ष्मी एग्रो ऑयल फर्म की टीम कर रही जांच

**बरेली, अमृत विचार :** सेंट्रल जीएसटी की टीम ने गुरुवार को बीएल एग्रो फैक्ट्री में सर्वे किया। टीम बंद हो चुकी लक्ष्मी एग्रो ऑयल कंपनी की खासतौर पर जांच कर रही है। टीम ने मुख्य परिसर सहित टीम ने प्रोडक्शन, पैकेजिंग, सप्लाई सहित पांच जगहों पर एक साथ छापा मारा। टीम की कार्रवाई देर रात जारी रही।

सूत्रों के मुताबिक बीएल एग्रो में लक्ष्मी एग्रो ऑयल नाम से एक और कंपनी भी संचालित थी। यह कंपनी काफी समय से बंद चल रही थी। इसका जीएसटी नहीं जा रहा था तो टीम ने यहां कार्रवाई की। लगभग एक दर्जन वाहनों से सुबह फैक्ट्री में पहुंची टीम ने सभी जगह अपनी अपनी जांच शुरू कर दी। टीम के सदस्य प्रोडक्शन यूनिट की तरफ भी गये। वहां प्रोडक्शन कब से बंद है, यूनिट की क्या हालत है आदि का जायजा लिया।

इसके अलावा सप्लाई विंग पर जाकर भी देखा। पैकेजिंग यूनिट पर कुछ मटेरियल कम तो कुछ ज्यादा मिला। मशीन यहां बंद पाई गई हैं। अभिलेखों की जांच देर रात तक जारी थी। टीम को क्या मिला है क्या नहीं, इसके बारे में अभी कुछ पता नहीं चला है।

## डीएम-एसएसपी ने जेल में परखीं व्यवस्थाएं



**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय कारागार-दो का गुरुवार को जिला जज, डीएम रविंद्न कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे समेत अन्य सुरक्षा उपकरण चेक किए। साथ ही जेल में बंद बंदियों से बात-चीत कर उनकी समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली। जेल परिसर में साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान बंदी बैरकों, चिकित्सालय, विद्यालय, किचन आदि का निरीक्षण भी उन्होंने किया। इस दौरान वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्रा सहित जेल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रकाश पर्व: धूमधाम से निकला नगर कीर्तन, आज मुख्य दीवान

### जगह-जगह फूल बरसाकर किया गया कीर्तन यात्रा का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गुरु हरगोबिन्द साहिब के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार को विशाल नगर कीर्तन हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। जनकपुरी स्थित गुरुद्वारा से आरंभ होकर कीर्तन यात्रा रामजानकी मंदिर, शहीद चौक, झूलेलाल द्वार, केके अस्पताल से बांके बिहारी मंदिर होते हुए 9.30 बजे वापस गुरुद्वारा पहुंच कर संपन्न हुई।

नगर कीर्तन में सबसे आगे नगाड़ा था। उसके पीछे निशान साहिब, निहंग सिंहों का जत्था, अमरोहा की गतका पार्टी, प्रचार वाहनों की कतार, कीर्तनी जत्था, अमृतसर का पाइप बैंड चल रहे थे। सबसे पीछे नानकमत्ता से आई विशेष गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी शोभा बढ़ा रही थी। पालकी साहिब के आगे काफी संख्या में युवक व युवतियां सड़क की सफाई करते चल रहे थे। अमृतसर से आए परमजीत सिंह नरसिंघा बजा रहे थे। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को सुबह से दोपहर तक मुख्य दीवान सजाया जाएगा।



नगर कीर्तन जुलूस की अगुवाई करते पंच प्यारे। • अमृत विचार



जुलूस के दौरान करतब दिखाते सिख युवक। • अमृत विचार

## रोडवेजकर्मियों ने डग्गामारी का किया विरोध

**बरेली, अमृत विचार :** प्राइवेट बस मालिकों की डग्गामारी और दुर्व्यवहार पर अंकुश नहीं लगने से रोडवेज कर्मचारियों में नाराजगी है। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारियों ने बैठक कर बदायूं डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक से डग्गामार वाहनों के नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है। बैठक में राजीव सक्सेना, धारा सिंह, जीवन सिंह, राम प्रताप राव, विशभंर दयाल, प्रताप चंद, सुरेश पाल, उमेश आदि मौजूद रहे।

## बीएएमएस के परीक्षा फार्म अब 27 तक भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएएमएस की परीक्षा के फार्म भरने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएएमएस प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय व चतुर्थ वर्ष (बैच 2018, 2019 और 2020) की मुख्य व पूरक परीक्षा फार्म 3 जून से भरे जा रहे हैं। छात्रहित में तिथि बढ़ाकर 27 जून कर दी गई है। अब छात्र 29 जून तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा कर सकेंगे।

# आंधी-पानी के दौरान एंबुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव

- महिला को अस्पताल ले जाते समय शुरू हो गई थी प्रसव पीड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** बहेड़ी में एंबुलेंस से गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाते समय आंधी-पानी आ गया। प्रसव पीड़ा तेज होने पर स्टाफ ने एंबुलेंस को रास्ते में सड़क किनारे रोककर प्रसव कराया। प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। गांव बंजरिया निवासी सीता को बुधवार की रात प्रसव पीड़ा हुई तो आशा रामवती ने 108 एंबुलेंस को कॉल करके बुला लिया। एंबुलेंस से सीता को सीएचसी बहेड़ी ले जा रहे थे कि रास्ते में आंधी और पानी आ गया। महिला की पीड़ा असहनीय हुई तो इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन गौरव मिश्रा ने चालक से एंबुलेंस सड़क किनारे रुकवाई ओर इसके बाद सीता का प्रसव कराया। प्रसव के बाद महिला को सीएचसी बहेड़ी में भर्ती कराया गया। जहां स्टाफ नर्स ने मां और बच्चे को सुरक्षित और स्वस्थ बताया। सीता के परिवार वालों ने एंबुलेंस में तैनात कर्मचारियों को आभार जताया।

# कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ उन्हीं के दम पर मिली जीत



मंच पर उपस्थित लोकसभा क्षेत्र प्रवासी देवेंद्र सिंह चौधरी एवं अन्य पदाधिकारी।

- विधानसभा कार्यकर्ता सम्मान समारोह में बोले लोकसभा प्रवासी देवेंद्र सिंह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र प्रवासी देवेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही जीत मिली और केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। यह बात उन्होंने बरेली सीट पर भाजपा को मिली जीत के बाद गुरुवार की रात जीआईसी ऑडिटोरियम में विधानसभा कार्यकर्ता सम्मान समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। बिना कार्यकर्ता की ताकत और सहयोग के बिना संगठन या पार्टी अधूरी मानी जाती है। चुनाव में पूरे मनोयोग से लगने वाले कार्यकर्ताओं का उन्होंने उत्साहवर्धन कर मनोबल बढ़ाया। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने जी जान से चुनाव लड़ाया है। उन्होंने भीषण गर्मी के बावजूद पूरी भागीदारी दिखाने के लिए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि महानगर टीम, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्षों की अथक परिश्रम से पार्टी की जीत सुनिश्चित हुई है। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि संगठन ने पूरी निष्ठा के साथ चुनाव लड़ाया है। विधानसभा संयोजक डॉ. सीपीएस चौहान, प्रभु दयाल लोधी, डॉ. प्रमेंद्र महेश्वरी, डॉ. तृप्ति गुप्ता, कन्हैया राजपूत, राम बहादुर मौर्य, अरुण कश्यप, सूर्यकांत मौर्य, विष्णु शर्मा, देवेंद्र जोशी, अजय चौहान, बंटी ठाकुर, राज अग्रवाल समेत सभी पार्षद, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक और पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

Bareilly International University
Dental College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
REQUIREMENT
Accountant (04)
Fresher may apply.
Qualification - B. Com, M. Com, CA trainee
CA drop candidate, CA intermediate.
Basic knowledge of Accounting software is must.
Contact Number/WhatsApp - 9568131000

सब का मालिक एक है।
दुआ भी तक़दीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरू अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श नि:शुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

# सरकार बनते ही मुसलमानों का शुरू हुआ उत्पीड़न: अदनान मियां

- अलीगढ़, नाहन व बड़ोदरा की घटनाओं पर जताया आक्रोश

**बरेली, अमृत विचार :** अलीगढ़ में मुस्लिम युवक के साथ मॉब लिंचिंग, हिमाचल प्रदेश के नाहन में मुस्लिम व्यापारी की दुकान पर हमला, गुजरात के बड़ोदरा में महिला को फ्लैट आवंटित करने का विरोध जैसी घटनाओं पर नबीरा-ए-आला हजरत व ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने आक्रोश जताया।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद सरकार बनते ही मुसलमानों पर हमले बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार चुनावी सभाओं में नफरत भरे भाषणों ने सबका साथ, सबका विकास के खोखले नारे को बेनकाब कर दिया। देश की जनता ने भी नफरत फैलाने वालों को उनकी हैसियत दिखा दी। किसी तरह जोड़तोड़ कर हुकूमत बनाने के बाद देश में फिर से वही नफरत का घिनौना खेल शुरू कर दिया गया है। कहा कि मुख्यमंत्री को अलीगढ़ की घटना को गंभीरता से लेने की जरूरत है। क्योंकि इससे प्रदेश की कानून व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लगा है। अगर इस मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो आरएसी विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

# मुसलमानों के आंसू पोंछने क्यों नहीं पहुंचे अखिलेश : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि लखनऊ में अकबर नगर की बस्ती को 60 साल से ज्यादा समय हो गया है। यहां पर लगभग 1100 घर आबाद थे, मगर प्रदेश सरकार की बुलडोजर नीति ने सब कुछ तबाह कर दिया। गरीब औरतों, बच्चों और बूढ़ों के बिलखते हुए आंसू पर भी सरकार ने रहम नहीं खाया। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव से भी सवाल किया कि लोकसभा चुनाव में गरीब मुसलमानों ने सपा, कांग्रेस गठबंधन को वोट दिया, मगर उनके हक में बोलने या कुछ करने से वह क्यों डर रहे हैं।

कहा कि सपा मुख्यालय से सिर्फ सात-आठ किलोमीटर दूर अकबर नगर है। एक महीने से चल रही कार्यवाही के बावजूद सपा मुखिया पीड़ितों के आंसू पोंछने अब तक वहां क्यों नहीं पहुंचे।

# प्रयोगात्मक परीक्षाओं में देरी की वजह से समय पर पूरा नहीं हो सकेगा सत्र

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय समय पर सत्र पूरा करने के लिए भीषण गर्मी में भी परीक्षा करा रहा है। कुछ परीक्षाएं हो गई हैं और कुछ चल रही हैं लेकिन प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाएं समय पर नहीं हो पा रही हैं। इसकी वजह से समय पर सत्र पूरा होना मुश्किल होगा। विश्वविद्यालय ने एक बार फिर से प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा की तिथियां बढ़ा दी हैं। स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा 10 मई से शुरू हुईं। 19 जून तक लगभग सभी प्रमुख विषयों की परीक्षा हो गई है। बीए षष्टम सेमेस्टर के कुल प्रश्नपत्रों की परीक्षा रह गई है जो 1 जुलाई को समाप्त हो जाएगी। विश्वविद्यालय ने 27 अप्रैल को महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए थे कि बीए, बीएससी, बीकॉम आदि सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाएं 30 मई तक कराने के निर्देश दिए थे लेकिन परीक्षाएं नहीं हुईं। इसके बाद 29 मई को तिथि बढ़ाकर 20 जून तक कर दी गई थी लेकिन अभी भी कई महाविद्यालयों में परीक्षाएं नहीं हो सकी हैं। ऐसे में अब गुरुवार को एक बार फिर से 27 जून तक तिथि बढ़ाकर परीक्षाएं कराने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने चेतावनी दी है कि समय पर परीक्षा न कराने पर अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे और परीक्षाफल घोषित नहीं किया जाएगा। इसी तरह से विधि पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 28 मई से शुरू हुई थीं और 7 जून को समाप्त हो गईं। इनकी भी प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब तक नहीं हो सकी हैं। अब परीक्षा नियंत्रक ने 27 तक परीक्षा कराने की तिथि बढ़ा दी है।



प्रवेश प्रारंभ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेन्ट) मो. 9956248504

अमृत विचार
सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## धर्म पर टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में एक युवक ने दूसरे धर्म पर टिप्पणी की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद उसका शांतिभंग में चालान कर दिया। किला क्षेत्र के पाऊ मलूकपुर निवासी फराद मोहम्मद खान ने बताया कि नगरिया कला बिलवा निवासी विशाल सागर ने फेसबुक पर एक आपत्तिजनक वीडियो अपलोड किया है। जिसमें धर्म विशेष पर टिप्पणी की। इससे लोगों में रोष है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपने पुत्र जाहिद अली व पुत्रवधू शाहजहां को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के चलते दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, आज से उक्त दोनों का मुझसे एवं मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं है। भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। **याद अली शाह पुत्र रौनक शाह ग्राम पैगानगरी उर्फ नगरिया-भगत, थाना मीरगंज बरेली।**

सूचना
सूचित हो कि मेरी पुत्री मान्या मलिक के आधार सं. 245203772085 में उसका नाम यशिका मलिक दर्ज है जो कि गलत है। सही नाम मान्या मलिक है। जो कि उसके अन्य अभिलेखों में भी दर्ज है। इसके आधार कार्ड में सही नाम दर्ज किया जाये। **निशान्त मलिक पुत्र श्री रविन्द्र मलिक, निवासी- 195ए, ग्रेटर कैलाश कालोनी, करगैना, बरेली**

सूचना
हम अपने पुत्र विश्वास शर्मा को उसके दुर्व्यवहार गलत आचरण के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। वह अपने कृत्यों व लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार होगा। **रामगोपाल S/o गंगाराम कृष्णा देवी W/o रामगोपाल थाना भुता तह0 फरीदपुर जिला बरेली।**

REQUIREMENT
PARWATI JUNIOR HIGH SCHOOL
Bihar Man Nagla, Bareilly
Required Teachers
- PRE-Primary (F)
- PRT-All Subjects (F)
- Eng. Spoken Teacher (F)
Contact
9897482402, 7037470469

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र भूपेन्द्र कमार उर्फ अजय एवं पुत्रवधू किरन को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जसवन्त लाल पुत्र पूरनलाल निवासी बिरहनी थाना अमरिया, तहसील अमरिया जिला पीलीभीत।**

आवश्यकता है
मान्यता प्राप्त डा. श्यामाचरन छोटे लाल गंगवार इण्टर कॉलेज नवाबगंज, बरेली में हिन्दी, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। दिनांक 25 जून 2024 को साक्षात्कार हेतु 12 बजे उपस्थित होवें।
छोटे लाल गंगवार-प्रबन्धक
मो. 9412289998

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

यदतप्तं प्रणमति न तत् सन्तापयन्त्यपि।
यश्च स्वयं नतं दारुं न तत् सन्नमयन्त्यपि॥

जो धातु बिना गरम किए मुड़ जाती है, उन्हें आग में तपने का कष्ट नहीं उठाना पड़ता। जो लकड़ी पहले से झुकी होती है, उसे कोई नहीं झुकाता।

## संपादकीय

# टकराव उचित नहीं

संवैधानिक व्यवस्था में राज्यपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज जब हम सहकारी संघवाद और देश की प्रगति के हित में स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक संघवाद पर जोर दे रहे हैं तो राज्यपाल की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। एक ओर वह केंद्र सरकार के अभिकर्ता के रूप में कार्य करता है, दूसरी ओर राज्य का संवैधानिक प्रमुख भी है। हालांकि देश में राजभवन और राज्य सरकार के बीच टकराव का इतिहास भी रहा है। यह स्थिति तभी बनती है जब केंद्र व राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दल की सरकार होती है। ऐसे में कई राज्यपाल केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में काम करते नजर आते हैं। पश्चिम बंगाल में राज्य सरकार और राजभवन के बीच लगातार तनातनी बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि राजभवन में तैनात कलकत्ता पुलिस की टुकड़ी के कारण उन्हें अपनी सुरक्षा को खतरा होने की आशंका है। उनका यह बयान पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश देने के कुछ दिनों बाद आया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और भाजपा नेता हिंसा पीड़ितों के साथ 13 जून को राजभवन जा रहे थे, तो पुलिस ने उन्हें रोका था। सुवेंदु को पुलिस ने धरने की इजाजत भी नहीं दी थी। इसके बाद राज्यपाल ने सोमवार को कोलकाता पुलिस को राजभवन खाली करने को कहा था और राजभवन के उत्तरी गेट के पास पुलिस चौकी को जनमंच बनाने की योजना बनाई। हालांकि पुलिस अभी भी गवर्नर हाउस में ड्यूटी पर है। इसी तरह गत वर्ष पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा की गई 10 विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति को खारिज कर दिया था, ये विश्वविद्यालय राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं, जिसे लेकर काफी विवाद पैदा हुआ था।

गौरतलब है कि राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रमुख होने के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होता है। सवाल उठता है कि क्या संवैधानिक पद की गरिमा को बनाए रखने का दायित्व उस पर बैठे व्यक्ति का है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक साक्षात्कार में कहा था कि संवैधानिक पदों की गरिमा को बरकरार रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। महत्वपूर्ण है कि जहां एक ओर राज्यपाल राज्य के नाम मात्र प्रमुख के रूप में कार्य करता है वहीं वास्तविक शक्ति लोगों द्वारा चुने गए राज्य के मुख्यमंत्री के पास होती है। इसलिए राज्यपाल और राज्य सरकार का टकराव किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। यही टकराव लोकतांत्रिक प्रक्रिया को हानि पहुंचाता है।

# फेरोमोंस, हार्मोंस की फिजियोलॉजी ने दिए सूत्र



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैं : रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं)।

मनुष्य समेत सभी जीवों में गंध को पहचानने के लिए संवेद संग्राही अर्थात रिसेप्टर्स मौजूद होते हैं। गंध अर्थात एक रसायन, एक मॉलिक्यूल अर्थात कुदरत में मौजूद केमिकल एलिमेंट्स या तत्व एक खास स्ट्रक्चर बनाकर व्यवस्थित रहते हैं। दुनिया में हरेक पदार्थ का क्षरण होता है अर्थात् 'डिके' होता है। इस प्रोसेस में ही पदार्थ के निर्माण में मौजूद तात्विक ढांचे मॉलिक्यूलर एंड एलिमेंटल स्ट्रक्चर का क्षय होता है अर्थात टूट-फूट होती है। पदार्थ की इस प्रकृति को जैन और हिन्दू 'आगमों' में दार्शनिक तरीके से बताया गया है, लेकिन प्राकृत, संस्कृत और यहां तक कि हिंदी भाषा में इन आगमों के स्ट्रक्चरल टेक्स्ट को बताने वाली कृतियों की भाषा ऐसी है कि संस्कृत और प्राकृत का उच्च ज्ञान न रखने वाले को कुछ खास पल्ले नहीं पड़ता। अगर इंग्लिश ट्रांसलेशन उपलब्ध है तो भी टेक्स्ट के प्रवाह और निहितार्थ की गंध पढ़ने वाला ले नहीं पाता। गंध जिसे हम दुर्गंध और सुगंध में भी परसेप्शन अनुसार महसूस करते हैं, का क्रमिक विकास प्राणी में किसलिए हुआ? जाहिर है एव्ल्युशन की प्रक्रिया में जीवों में इनका आकार, प्रकार आकृति और व्यवहार एवं लिविंग एनवायरनमेंट कैसा भी हो, स्वःरक्षा के लिए ही हर प्रकार की गंध की पहचान के लिए प्राणी के मस्तिष्क और ऑल फैक्ट्री सिस्टम (गंध टोही प्रणाली) में 'रिसेप्टर्स' का विकास हुआ। आश्चर्यजनक है कि दुनिया में हर प्रकार की अर्थात लाखों प्रकार की गंध को पहचानने की क्षमता मनुष्य रखता है। गंध को पहचानने वाले रिसेप्टर्स की उत्पत्ति जीव की अपनी रक्षा के लिए हुई, यह तो ठीक है, लेकिन इस विशिष्ट संदर्भ में 'रक्षा' को डिफाइन करना जरूरी है। मूलतः भोजन की तलाश और इसकी उपयुक्तता की पहचान के अलावा अपनी नस्ल को बढ़ाने के लिए जीवों में 'सेक्स्युएल इंस्टिंक्ट' भी पैदा हुई। यह एक खास तरह के हार्मोंस और फेरोमोंस के सहारे आगे बढ़ती है। नर से मादा के मिलन के लिए हॉर्मोन यानी कि एक प्रकार से 'फीरोमोंस' ही दोनों में आकर्षण की मुख्य भूमिका अदा करते हैं। फेरोमोंस तेज गंध वाले रसायन होते हैं, जो मनुष्य शरीर में अधिकांश तौर से बाजू के नीचे की कक्षा में 'ग्लैंड्स' के रूप में और जननांगों में अव्यवस्थित होते हैं। पसीने के साथ ये फेरोमोंस हवा में उड़कर नर और मादा



दोनों की नासिका में मौजूद ग्राहियों अर्थात् रिसेप्टर्स द्वारा ट्रैप कर लिए जाते हैं जिसके बाद इन्हें तेजी से मस्तिष्क द्वारा 'इंटरप्रेट' किया जाता है। यह काम स्पीड से संपन्न होता है जैसे कि इलेक्ट्रो-केमिकल ट्रांसमिशन के जरिये इस संदेश की गति एक सेकंड में एक मीटर तक हो सकती है। बलात्कारियों पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों ने एक बार सुझाव दिया था कि बलात्कारी पुरुष के शरीर में ऐसे एंटी-फेरोमोंस रसायन इंजेक्ट किए जाएं ताकि उसके दिमाग में जबरन यौन संपर्क करने की इच्छा ही जाग्रत न हो, लेकिन ह्यूमन राइट कमीशन वालों ने इसे अत्याचार कहा।

फेरोमोन, स्रावित या उत्सर्जित रासायनिक कारक होते हैं, जो एक ही प्रजाति के सदस्यों में सामाजिक प्रतिक्रियाओं को सक्रिय करते हैं। व्यक्ति के व्यवहार को ये प्रभावित करते हैं। फेरोमोन चार प्रकार के होते हैंः रिलीजर (कम समय तक काम करने वाले और यौन आकर्षण से जुड़े), मॉड्यूलेटर (पसीने में पाए जाते हैं और भावनाओं को प्रभावित करते हैं), प्राइमर (यौवन और मासिक धर्म चक्र को प्रभावित करते हैं) और सिग्नलर्स (सूचना प्रदान करते हैं)। सभी जंतुओं के हार्मोनेस और फेरोमोंस एक जैसे रासायनिक संरचना के नहीं होते। हम यहां सिर्फ 'ममेलियन फीरोमोंस' की बात कर रहे हैं। ममेलियन, अर्थात् ऐसे जंतु जो अपने बच्चों को स्तनपान कराते हैं चाहे यह मनुष्य (दोपाया) है या बंदर, गाय है या चमगादड़। इन्सेक्ट फेरोमोंस अलग बनावट के होते हैं। अभी तक 64 किस्म के हार्मोंस की पहचान वैज्ञानिकों ने की है।

सन् 2017 के 'सैल' जर्नल के एक अंक में छपे शोधपत्र में बताया गया है कि 'इंटर-ऑर्गन' कम्युनिकेशन जैसे कि मांसपेशियों और हड्डियों के बीच आपसी संवाद में भी हार्मोंस की बड़ी भूमिका बनी रहती है। शरीर पर जख्म होने के बाद स्थान विशेष को दुरुस्त किए जाने में भी हार्मोंस की कोई भूमिका है, ऐसा सोचकर विज्ञानियों के काम की काफी जानकारी हासिल की है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ (यूपीएफ) औद्योगिक रूप से तैयार किए गए उत्पाद हैं जिनमें सिंथेटिक तत्व भी होते हैं,लेकिन न्यूनतम संपूर्ण खाद्य घटक इनमें रहें ऐसी तसल्ली भी कर ली जाती है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स (यूपीएफ) या ऐसी ही प्रकृति के आहार की वजह से प्रतिरक्षा विकृति से जुड़ी बीमारियों जैसे आंत्र सूजन रोग और संभावित ऑटोइम्यून बीमारी के बढ़ते जोखिम से इनके जुड़े होने की बात हाल के शोधकार्य से मालूम हुई है।

अब तो चूहे और कीट भागने के लिए इंडस्ट्रियल फेरोमोंस का उपयोग किए जाने की बात भी शोधकर्मी बताने लगे हैं। उदाहरण के लिए बिल्ली और चूहे के परस्पर लुका-छिपी का मामला लें। कहते हैं जिस घर बिल्ली है उस घर से चूहे गायब हो जाते हैं। बिल्ली को देखकर चूहे गायब नहीं होते या मन में डर समाने से भी गायब नहीं होते। इसका रहस्य है न्यूरो-फिजियोलॉजीकल द्रव स्राव। इसमें बिल्ली या बिलाव घर के कोणों में अपने मूत्र के जरिए ऐसे रसायनों का छिड़काव करता है,जो एक तरह ही प्रोटीन हैं। इन्हें हम आम भाषा में गंध और दुर्गंध कह सकते हैं। इस केमिकल सिग्नेचर का नाम है 'फेरोमोन'। इसकी तीखी गंध चूहे के नथुनों में जब घुसती है इसके मस्तिष्क में मौजूद रिसेप्टर्स इसे पकड़ कर इस पदार्थ की रचना को समझने की चेष्टा करते हैं और फिर 'फ्लाइट' अर्थात्, 'भाग लो' के, मॉड में तुरंत आकर अपनी जान बचाने के जुगाड़ में लग जाते हैं। बीएमसी बायोलॉजी (ब्रिटिश मेडिकल जर्नल से संबंधित प्रकाशन) के सन् 2018 के एक अंक (16:48) सारा ए.रॉबर्ट्स एवं इनके पांच सहयोगियों ने जो शोधपर्चा इसमें प्रकाशित किया है। इससे ही यह जानकारी मिली है। यूं, फेरोमोंस पर रिसर्च तो दशकों से हो रही है, लेकिन सन् 1959 में पहली बार मार्टिन ल्युशिये और पीटर कार्लसन ने इनकी अवधारणा प्रस्तुत की थी।

प्रकृति ने हर जीव को अपनी रक्षा के लिए कुछ न कुछ तरह के अस्त्र-शस्त्र (जैसे सींग और नाखून एवं दंत, प्रकाश फेंकना, साइज़-शेप एंड फॉर्म जैसे कि व्हेल मछली, काटना आदि) दिए हैं। शिकार पकड़ने, संतान पैदा करने, बचाव करने और शरीर की कुछेक प्रक्रियाओं को रेगुलेट करने में भी फेरोमोंस और हार्मोंस की बड़ी भूमिका मालूम की गई है। इस मामले में बिल्लियों, दुर्गंधयुक्त केमिकल पदार्थ का छिड़काव करने वाले जानवर और इंसेक्ट्स से भी कुछ आगे की सोच रखते हुए इन गंध और दुर्गंधयुक्त एवं सुगंधित केमिकल को केमिकल इंडस्ट्री आर्टिफीसियल तरीके से या सिंथेसाइज करके बनाना किसी भी दिन शुरू कर सकती है। वनस्पति आधारित, तैलयुक्त रिपेलेंट तो बनाए ही जा चुके हैं। हम बिल्ली या हाथी अगर नहीं पाल सकते तो बाजार से इन गंधयुक्त पदार्थों (रिपेलेंट्स एंड ओडोरेंट्स) को ले लेकर उन स्थानों पर छिड़क सकते हैं जहां से इन्सेक्ट, कॉकरोच जैसे वर्मिन्स और चूहे घर में प्रवेश कर सकते हैं।

सिर्फ ऊपर वाली जानकारी को लेकर बात आगे न हो, ऐसा नहीं है। फेरोमोंस और हारमोंस का आधुनिक चिकित्सा तंत्र में बहुत इस्तेमाल होता है। ग्रोथ होर्मोन, एंडोक्राइन हारमोंस, हीट एंड कोल्ड स्ट्रेस में हार्मोन उपचार, मधुमेह जैसे चयापचयी व्याधि के लिए इन्सुलिन हार्मोन, संतानोत्पत्ति योग्य बनाने के लिए हार्मोन ट्रीटमेंट जिसके लिए ग्रोथ हॉर्मोन और गोनाडोट्रोपिन्स का इस्तेमाल होता है और मोटापे को दूर करने के लिए कुछ माने में हॉर्मोन चिकित्सा और कुछ की नई किस्म पर क्लिनिकल इन्वेस्टीगेशन्स हो चुकी है। संबंधित रिसर्च साहित्य विस्तृत और जटिल है,लेकिन हार्मोन उपचार बहुत ही सावधानी से और बहुत ही अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ़ एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबोलिज्म के सन 2011 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित 'ग्रोथ हार्मोन इन द मैनेजमेंट ऑफ़ फीमेल इनफर्टिलिटी' में इस ओर इशारा किया गया है। इसे असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी के जरिये संतान पैदा करने वाली महिला को अत्यंत सावधानी से दिया जाता है। बौनेपन का इलाज करने के लिए अगर ग्रोथ हार्मोन की मात्रा जर्राभर अधिक हो जाए तो शारीरिक विकास चालू होने के बाद अंगों की ग्रोथ पर अंकुश लगाना नामुमकिन हो जाता है।

## प्रसंगवश

# जनमत कैसे बदल जाता है



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यूपी रोडवेज की बस में आगरा जा रहा था। बस में जो लोग थे,वे सभी पढ़े-लिखे हों,ऐसा भी नहीं,गरीब भी थे,अमीर भी थे,अलग-अलग धर्म और जातियों के थे,लेकिन उन सबको आगरा जाना था। इसलिए ध्येय एक था,उस ध्येय ने उनका एक सम्मिलित मानस बना दिया।

एक सवारी टिकट संख्या से अधिक थी। कंडक्टर बार-बार कह रहा था कोई सवारी बिना टिकट हो तो टिकट ले लो। वह बार-बार सवारी गिन रहा था। कोई नहीं बोला तो वह सबकी टिकट चैक करने लगा। एक अजनबी से आदमी के पास टिकट नहीं थी। बस की सभी सवारियों ने उस आदमी के प्रति गुस्सा जाहिर किया और कहा कि टिकट पहले क्यों नहीं लिया?

समष्टि मन ने उसके टिकट न लेने की निंदा की और कंडक्टर का समर्थन किया,लेकिन परिस्थिति बदली तो समष्टि मन भी बदल गया। बस कंडक्टर तो आपे से ही बाहर हो गया,उसने बीच रास्ते में उसे उतर जाने को कहा,तब लोगों ने कहा कि भाई,टिकट बना दो,जंगल में न उतारो। इस जंगल में यह कैसे करेगा? किंतु उस आदमी के पास पूरे पैसे ही नहीं थे। वह आदमी दयनीय सी मुद्रा में था और बस कंडक्टर अपनी बस कंडक्टरी पर आ गया। पद तो पद होता है न,पद का मद भी होता है। वह उसे उतारने पर ही अड़ गया,जो लोग थोड़ी देर पहले उस अजनबी से आदमी पर गुस्सा जाहिर कर रहे थे,उसे भला-बुरा कह रहे थे। वे अब उसी आदमी के समर्थन में आ गए। लोगों ने कहा कि तू अब यहां से टिकट बना दे, किंतु बस कंडक्टर ने कहा कि दिल्ली से ही किराया लूंगा। लोगों ने कहा- ठीक है,पैसे हम देते हैं। जनमत का दबाव बना तो बस कंडक्टर ने उसी जगह से टिकट बना दी। लोकमानस संवेदनशील होता है। ऐसा नहीं है कि लोग नहीं समझते। लोग नैतिक और अनैतिक को समझते हैं,जो लोग जनता को मूर्ख समझते हैं,वे आदमी को ही नहीं जानते। आदमी की समष्टि यदि मूर्ख है तो वे लोग आदमी भी हैं या नहीं? समष्टि मानस इसी प्रकार से काम करता है।

# अपने कोर वोट को भी संभाले रखे भाजपा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद भी कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके।

चर्चा है कि भाजपा मतदाताअभिनंदन यात्रा निकाल रही है। निकाले मगर उत्तर प्रदेश में यदि वह ऐसी यात्रा निकालती है तो हास्यास्पद है। यहां तो भाजपा को विगत सामान्य निर्वाचन के मुकाबले करारी हार मिली है। यहां यह सब कुछ करने के बावजूद अपने पूरे कैडर का आम जनता से जो कनेक्ट टूटा है उसे जोड़ने के लिए उतार देना चाहिए। क्योंकि विधानसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं है। लगता है कि भाजपा के थिंक टैंक में कहीं कुछ मेजर डिफेक्ट आया हुआ है जिसे एक जाने माने राजनीतिक विश्लेषक के शब्दों में कहें तो भाजपा के साफ्टवेयर में कोई वायरस आ गया है।

उत्तर प्रदेश में हार के उल्लेखनीय और प्रत्यक्ष कारणों के सामने होने के बावजूद कारणों को चिह्नित करने के लिए मीटिंगों का दौर चल रहा है। मजेदार बात यह है कि जो हार के जिम्मेदार हैं वही हार के आकलन का जिम्मा भी पा गए हैं। वे हार के कारणों को किस विवेक से चिह्नित कर पाएंगे जब वे उसका तनिक भी पूर्वाभास न पा सके और समय रहते निराकरण की रणनीति नहीं बना सके। मेरे विचार से यह सब छोड़कर भाजपाइयों को अब अपनी निंद्रा त्यागकर सीधे रणभूमि में उतर जाना चाहिए अन्यथा आसार अच्छे नजर नहीं आ रहे। क्या दलित वोट महज अफवाहों के चलते दरक गया? ऐसा अविश्वास आखिर उनमें आया क्यों? इसलिए ही तो कि भाजपाई उनसे डिस्कनेक्ट हो चले थे। उनका सामीप्य खो बैठे थे। भाजपाइयों को हर स्तर पर अपनी आरामतलबी अब छोड़नी होगी। एक बड़ा वोट बैंक उनसे दरकता गया और इसका उन्हें भान तक नहीं हुआ,जबकि एक नहीं डबल इंजन सरकारें यहां काबिज रहीं।

आरएसएस भी कहने का बड़ा संगठन है, मगर सच मानिए यहां उत्तर प्रदेश में उनकी राजनैतिक मौजूदगी कहीं दिखती नहीं। भले ही मानव सेवा के प्रति उनका समर्पण दैवीय आपदाओं में दिख जाता है, किंतु वे राजनीतिक स्तर भी सक्रिय रहे हों,कम से कम उत्तर प्रदेश में तो दिखा नहीं। वे कौन लोग हैं उनके चेहरे-मोहरे कैसे हैं,अपने हैं या विजातीय हैं किसी भी आम आदमी से पूछ लीजिए उसे कुछ पता नहीं है। अब भले ही उनके पदाधिकारी कैसे-कैसे वक्तव्य जारी करते फिरें।

कुछ स्थापनाओं की तो इस चुनाव में भद पिट गई। जैसे सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास बस एक जुमला ही साबित होकर रह गया। गहरा विश्वासघात हुआ है उनके द्वारा जो लाभार्थी योजनाओं का सबसे बड़े उपभोक्ता हैं। उनका विश्वास भाजपा को न कभी हासिल हुआ है और न होगा। यह बात और सबको तो पता है मगर मोदी जी ही गांठ बांधे बैठे हैं। इस मुगालते से अलग होकर ही नई रणनीति का श्रीगणेश करना होगा। भाजपा को इंडी गठबंधन से भी अधिक फीसद वोट मिला है,मगर इसके बावजूद हार देखनी पड़ी है जिससे एक बात तो बड़ी राहत है कि भाजपा का एक बड़ा वोट बैंक आज भी इंटैक्ट है। बस उसे बिछड़ों को सहेजना भर है,जो उसके कोर वोट बैंक के सापेक्ष बहुत कम है और यह टास्क बहुत मुश्किल नहीं है। अभी के बिछड़ों को तनिक से मान मनौवल और भरोसे से वापस लाया जा सकता है। इसके पहले कि विपक्षी कोई नया कुचक्र न रच दें। साथ ही भाजपा को अपने कोर वोट को भी संभाले रखना होगा। ब्राह्मणों को खास तौर पर। उन्हें लगातार यह लगता रहता है कि यह सरकार उनकी निरंतर उपेक्षा करती रही है। वे केवल और केवल सनातन और हिन्दुत्व के चलते भाजपा का दामन थामे हुए हैं।

मुझे समझ आता है कि इतनी करारी हार के बाद भी भाजपा नेतृत्व अभी भी जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर हवाई किले बनाने में लगा हुआ है। मतदाता अभिनंदन यात्रा काहे निकाल रहे हो भाई। किस खुशी में? इन थोथे उपक्रमों से आम वोटर झांसे में आने वाला नहीं। विपक्ष ऐसी यात्रा निकालता तो उचित भी था। वह मौन होकर अपनी-अगली रणनीति में जुटा है और आप हवाई कारनामों में समय जाया कर रहे हैं।

## सोशल फोरम

# देश की वर्तमान स्थिति



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

भारत की अर्थव्यवस्था की सुधरती स्थिति के कारण आज वह विश्व में पांचवे स्थान पर पहुंच गई है। यदि यह वृद्धि ऐसी ही होती गई तो आने वाले वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर होगी। ऐसी भविष्यवाणी प्रधानमंत्री कर रहे हैं। बुधवार को वाराणसी में प्रधानमंत्री जी ने देश के 9.25 करोड़ गरीब किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। सरकार 82 करोड़ व्यक्तियों को मुफ्त राशन पहले से ही बांट रही है। विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था तथा 142 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में यदि इतने व्यक्तियों को सरकारी भीख पर जीवनयापन करना पड़े तो फिर ऐसी अर्थव्यवस्था का क्या करना जो कुछ कारपोरेट घरानों में कैद है? देश की राजधानी दिल्ली में पेयजल के गंभीर संकट के समाधान में केंद्र,दिल्ली सरकार, सर्वोच्च न्यायालय असफल हो गए हैं, नीरो जेल में बैठकर वंशी बजा रहा है। आम चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित कई राज्यों में अतिक्रमण हटाने हेतु बुलडोजर गरज रहा है। अवैध निर्माण हटना चाहिए साथ ही साथ जिन अधिकारियों ने धन लेकर यह अवैध मकान बनवाए,उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। क्या किसी सरकार में साहस है कि वह इन अवैध अतिक्रमण पर एक साथ बुलडोजर चलाकर उसे हटाए तथा दोषियों को दंड दे? बिहार के अररिया जनपद में बकरा नदी में 12 करोड़ रुपए की लागत से बना तथा उद्घाटन की प्रतीक्षा कर रहा पुल ढह गया। पिछले वर्ष भी एक पुल ऐसे ही ढहा था। लगता है बिहार में पुल गिरने के लिए ही बनते हैं। अब फिर से जांच कर दोषी को दंडित करने की घोषणा होगी। देखें 'सुशासन बाबू क्या फरमाते हैं? नीट की परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर देश में छात्र उद्वेलित हैं और गहराई से इसकी जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय भी इसका संज्ञान ले चुका है। देखें,क्या परिणाम होता है। वैसे विगत वर्षों में विभिन्न महत्वपूर्ण परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों से अब लगने लगा है कि हम सफल परीक्षा संचालित करा ही नहीं सकते। प्रत्येक परीक्षा के बाद कुछ लोग पकड़े जाते हैं,लेकिन फिर वही ढाक के तीन पात।

-फेसबुक वॉल से

# वैश्विक स्तर पर रोजगार और पूंजी निर्माण का साधन है योग



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

भारत समेत दुनिया में इस समय योग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ज्यादातर ट्रेंड अमेरिका और यूरोपीय देशों में है। ऐसे में इस समय सभी जगह योग प्रशिक्षकों की नौकरी के मौके काफी बढ़ रहे हैं।

आध्यात्मिक उन्नति या शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की आवश्यकता व महत्व को प्रायः सभी दर्शनों एवं भारतीय धार्मिक संप्रदायों ने एकमत व मुक्तकंठ से स्वीकार किया है। अवैदिक जैन और बौद्ध दर्शनों में योग का महत्व सर्वमान्य है। कुछ समय पहले तक जिस योग को ऋषि-मुनियों की साधना और स्वस्थ जीवन का आधार समझा जाता था। आज की तारीख में योग सबसे तेज गति से बढ़ने वाला कारोबार भी बन गया है। देश-विदेश में लोगों पर योग का ऐसा जादू चढ़ा है कि यह अब एक बड़ी इंडस्ट्री बन चुका है।

योग भारत की सबसे प्राचीन विधा है और इसे वैश्विक मान्यता भी मिल चुकी है। योग को समूचे विश्व के लिए भारत का अनुपम उपहार कहा जा सकता है। महात्मा गांधी भी स्वस्थ जीवन के लिए योग को जरूरी मानते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग को आज पूरी दुनिया में एक नई दृष्टि से देखा जाने लगा है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के यूएन के निर्णय से यह साफ है कि एक बार फिर भारतीय वैदिक परंपरा की यह जीवन पद्धति विश्व पटल पर स्वीकार की जा रही है और इसे भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव के तौर पर भी देखा जाना चाहिए। साफ है योग वह जरिया बन गया है जिससे प्राचीन काल से समृद्ध रही भारतीय सभ्यता-संस्कृति का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार हो रहा है। दरअसल योग एक विचार नहीं,बल्कि भारतीय जीवन पद्धति है जिसमें भारतीय जीवन मूल्य समाहित हैं। पश्चिम के देशों में योग का विस्तार तेजी से हो रहा है। 1990 के दशक में पश्चिम के देशों में हुए वैज्ञानिक शोधों से यह निकलकर आया कि लाइफ स्टाइल के कारण उत्पन्न बीमारियों के कारगर इलाज के लिए योग अचूक है। इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और कनाडा जैसे देशों में योग के प्रति आकर्षण बढ़ा और इसका प्रसार होने लगा। दुनिया में 100 श्रेष्ठ नौकरियों की सूची में योगा प्रशिक्षक भी शामिल है। भारत समेत दुनिया में इस समय योग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ज्यादातर ट्रेंड अमेरिका और यूरोपीय देशों में है। ऐसे में इस समय सभी जगह योग प्रशिक्षकों की नौकरी के मौके काफी बढ़ रहे हैं। योग टीचर को अच्छी नौकरी माना जाता है। अमेरिका में एक अनुभवी योग टीचर की सालाना कमाई करीब 42 लाख रुपये तक होती है। योग का बाजार भारत में 490 अरब रुपए का हो चुका है। एक अंतर्राष्ट्रीय मार्केट शोध के अनुसार भारतीय बाजार जल्दी ही 875 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। विदेशों में खासकर अमेरिका (12 अरब डॉलर, करीब डेढ़ लाख योग कारोबारी), ब्रिटेन(1.15 अरब डॉलर), चीन (6.6 अरब डॉलर) एवं आस्ट्रेलिया (62.1 करोड़ का व्यवसाय) में यह एक उद्योग का रुप ले चुका है। योग परिधान पर दुनिया का बाजार करीब 31.1 अरब डॉलर का है,जबकि योग मैट का कारोबार 13 अरब डॉलर है। योग में वेलनेस टूरिज्म, योग रिट्रीट आदि से 915 अरब डॉलर का कारोबार है। योग की बढ़ती लोकप्रियता से प्रभावित होकर हिंदी सीखने वालों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। भाषा सीखाने वाले डूओलिंगों के अनुसार दुनियाभर में विभिन्न भाषाओं को सीखने वालों में सर्वाधिक लोग हिंदी सीखना चाहते हैं। भारत के बाहर पहले योग विश्वविद्यालय की लॉस एंजिलिस में स्थापना की गई है।

भारत में योग और आयुर्वेद से जुड़े प्रोडक्ट्स का बाजार 12 हजार करोड़ रुपए का हो चुका है। एक सर्वे के अनुसार योग करने वालों की तादाद में 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। योग से जुड़े उत्पाद बनाने वाली कंपनियां भी तेजी से बढ़ी हैं। आज योग का बहुत बड़ा बाजार है जिससे लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में योग सीखने वाले लोगों की संख्या करीब 25 करोड़ है। इसके साथ ही योग टीचर्स की मांग सालाना 35 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। देश में योग ट्रेनिंग का कारोबार करीब 3 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है। योग साधना का माध्यम भी है और कमाई का साधन भी है। योग दिवस शुरू होने का अमेरिका में योग बाजार पर कितना बड़ा प्रभाव पड़ा है इसकी बानगी इन आंकड़ों में दिखती है। 2008 के एक आंकड़े के मुताबिक करीब डेढ़ करोड़ लोग योग करते थे,लेकिन 2016 में यह बढ़कर 3.67 करोड़ पर पहुंच गया। जिस रफ्तार से योग करने वाले बढ़े, उसी रफ्तार से योग सीखाने वाले स्कूल भी अमेरिका में खुले। 2008 में सिर्फ 818 योग स्कूल थे अब ये 4000 का आंकड़ा पार कर गया है। आज की तारीख में अमेरिका में योग का बिजनेस करीब दो लाख हजार करोड़ रुपए का हो चुका है। सबसे खास यह है कि अमेरिका में 37 प्रतिशत योग करने वाले 18 साल से कम उम्र के हैं।

योग एलाइंस की रिपोर्ट के अनुसार, 2016 में अमेरिका में 3 करोड़ 60 लाख लोग योग से स्वस्थ रहने के तरीकों को अपना रहे हैं। इसी रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत अमेरिकी योग के बारे में जानते हैं,जबकि 2012 में 70 प्रतिशत को ही इसके बारे में जानकारी थी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा भी योग के मुरीद हैं। उन्होंने कहा योग अमेरिका में आध्यात्मिक अभ्यास की एक सार्वभौमिक भाषा,धर्म और संस्कृतियों की कई रेखाओं को पार कर गया है और लाखों अमेरिकी योग को अपने स्वास्थ्य और समग्र ध्यान में सुधार करने के लिए अपना रहे हैं। ईरान,पाकिस्तान और अरब समेत कुल 47 इस्लामिक देशों ने भी योग के महात्म्य को समझा और इसे स्वीकार किया। कुल मिलाकर यह स्वास्थ्य के साथ-साथ पूंजी निर्माण का बेहतर साधन बन चुका है।

# यज्ञ,टोटके और आशिष से बारिश



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भीषण गर्मी से त्रस्त लोग ऊपर मेघों के लिए देख रहे हैं। कहीं-कहीं बारिश शुरू भी है। भाग्य अपना-अपना। मेघों का आगमन दैवाधीन है,फिर भी मानव अपनी सामर्थ्यानुसार कुछ प्रयत्न भी करता ही है। ऐसे प्रयत्नों में धार्मिक अनुष्ठान पहले नंबर पर आते हैं। मेघों के स्वामी इंद्र देव हैं। उनकी प्रसन्नता अभीष्ट होती है। वेदों में इन्द्र की स्तुतियां की गई हैं। यज्ञ से भी वृष्टि होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि "प्राणी अन्न पर निर्भर हैं,अन्न वृष्टि से होता है,वृष्टि बादलों से और बादल यज्ञ से'। हालांकि उस विधि विधान से यज्ञ कराने वाले मिलना मुश्किल है।

संत के आगमन से भी वृष्टि हो सकती है। अंग देश (वर्तमान भागलपुर) के रामायणकालीन राजा रोमपाद ने अपने देश की अनावृष्टि समाप्त करने के लिए विभांडक ऋषि के पुत्र ऋष्यशृंग को अपने राज्य में बुलवाया था। उन्होंने इस कार्य हेतु वैश्याएं नियुक्त की थीं। ऋषि ने यज्ञ भी करवाया था। वृष्टि हुई थी, पर आज के संत तो प्रायः भौतिकता में लिप्त हैं। संगीत शास्त्र के मेघ और मल्हार राग भी मेघों को वशीभूत करते हैं। गांव गिरांव में टोटके होते हैं। लेदा मांगने वाले आते हैं। गर्मी में उघारे बदन वे गरम जमीन पर लोटते-पोटते हैं,लोग उन पर पानी डालते हैं। वे गाते हैं,"ल्यादा ल्यादा पानी दे, पानी दे गुरधानी दे। गगरी है छूंछी, बैल पियासे,कारे मेघा पानी दे। ल्यादा ल्यादा पानी दे"। यही नहीं,यदि अतिवृष्टि हो तो उसके भी टोटके हैं। स्त्रियां तवे पर जलता अंगार रखकर ऊपर बादलों की ओर फेंकती हैं। इस सबके अतिरिक्त आशीर्वाद और शुभकामना से भी मेघ वशीभूत होते देखे गए हैं। "मेघदूत" में कालिदास के विरही यक्ष ने रामटेक पर्वत से अलकापुरी में रह रही अपनी नव विवाहिता पत्नी के पास मेघों को अपना संदेशवाहक दूत बनाकर भेजा है। यक्ष ने कहा है कि "हे मेघ! यदि तुम मेरा यह संदेश मेरी प्रिया तक सफलतापूर्वक पहुंचा दोगे,तो तुम्हें तुम्हारी प्रेयसी बिजली का वियोग कभी नहीं होगा'।

# समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity

Fast Appointment

for Maximum 25 Minute only
Offline, Online
Justdial

PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।

Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)

Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।

Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।

**नरेन्द्र कुमार-**
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

**पवन कुमार-**
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :



# भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी
(I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए नि:संकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# परिचितों ने ही लगा दिया 10 लाख का चूना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़ित की शिकायत पर प्रेमनगर पुलिस ने चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की
- रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने पीड़ित को दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले सिक्स प्लस हाइलाइट्स एंड इमीग्रेशन के मालिक से उनके दो परिचितों ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर 10 लाख रुपये का गबन कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद सहित चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के एकता नगर निवासी सत्येंद्र पाल सिंह ने बताया कि वह सिक्स प्लस हाइलाइट्स एंड इमीग्रेशन के स्वामी हैं। गोपालपुर नगरिया निवासी अनिल और विपिन का कार्यालय में काफी आना-जाना था। इनके साथ लेन-देन भी चलता था। उनके अनुसार बीते साल जुलाई में किसी मजबूरी के कारण वह ऑफिस नहीं जा पाए। बाद में पता चला कि दोनों ने इस बात का फायदा उठाकर अपने दो अज्ञात साथियों की मदद से कई फाइलें अधूरी छोड़ दीं और 10 लाख रुपये का गबन कर लिया। सत्येंद्र ने दोनों से फाइलें पूरी करने का आग्रह किया। आरोप है कि न तो अनिल और विपिन ने फाइलें पूरी कीं, न ही रुपये लौटाए। रुपये मांगने पर दोनों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

## सार-संक्षेप

### नौकरी लगवाने के बहाने 91 हजार रुपये ठगे

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यो हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**लक्ष्मी** — **प्रधान** | **विश्वास शुक्ला** — **ग्राम विकास अधिकारी**

## उत्तराखंड

# आढ़ती को मुनीम ने 79 लाख का चूना लगाया, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मालिक के आढ़त में न बैठने का फायदा आढ़त के मुनीम ने उठाया। वह आढ़त की मालकिन से चेक में हस्ताक्षर कराता रहा और अपने व करीबियों के खाते में पैसे ट्रांसफर करता रहा। ऐसा कर उसने मालिक को 79 लाख रुपये की चपत लगा दी।

कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। छड़ायल सुयाल मानपुर पश्चिम देवलचौड़ निवासी घनश्याम शर्मा पुत्र इंद्रमणि शर्मा ने पुलिस को बताया कि कि उनकी बड़ी मंडी में आढ़त है। आढ़त में गुनियाखेत मुक्तेश्वर निवासी रोहित पलड़िया मुनीम के तौर पर काम करता था। इस आढ़त की असल मालकिन घनश्याम की पत्नी हैं। आरोप है कि रोहित बैंक चेक पर उनकी पत्नी के हस्ताक्षर कराता रहा और चेकों को अपने व करीबियों के खाते में ट्रांसफर कराता रहा।

## धामी पहुंचे गुंजी, आदि कैलाश में करेंगे योग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पार्वती कुंड आदि कैलाश में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार शाम पिथौरागढ़ जिले के सीमांत क्षेत्र गुंजी पहुंचे। धामी वहां आईटीबीपी, बीआरओ व सेना के जवानों से मिलें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री धामी को आदि कैलाश में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होना है। मुख्यमंत्री गुरुवार शाम पिथौरागढ़ के सीमांत क्षेत्र गुंजी पहुंचे।

### कार्यालय ग्राम पंचायत नदैय्या रामपुर वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो | दिनांक : 16.6.24

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यो हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**ममता** — **प्रधान** | **विश्वास शुक्ला** — **ग्राम विकास अधिकारी**

### कार्यालय ग्राम पंचायत हीरपुर वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो | दिनांक : 16.6.24

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यो हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**अंजलि** — **प्रधान** | **विश्वास शुक्ला** — **ग्राम विकास अधिकारी**

## मंगलौर और बदरीनाथ सीट पर प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

**देहरादून, अमृत विचार :** राज्य की दो विधानसभा सीटों मंगलौर (हरिद्वार) और बदरीनाथ (चमोली) में उपचुनाव पर नामांकन प्रक्रिया जारी है। दोनों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने नामांकन किए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर धामी समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। मंगलौर विधानसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना ने गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे। नामांकन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। मंगलौर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन ने रौशनाबाद स्थित जिला कलेक्ट्रेट में नामांकन किया। उनके साथ कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। उधर, बदरीनाथ सीट पर भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र भंडारी ने नामांकन किया। उनके साथ कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत उपस्थित रहे। बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा एक किता सम्पत्ति क्षेत्रफल 790 वर्गमीटर गाटा संख्या 29 स्थित ग्राम टांडा अथ विसवां परगना रिछा तहसील बहेड़ी बरेली को इंतखाव अहमद उर्फ बब्लू पुत्र मुख्तयार अहमद से क्रय किया गया था, जो बैनामा दस्तावेज नं0 3698 दिनांक 09.05.2005 को उपनिबन्धक कार्यालय बहेड़ी में दर्ज कागजात है उक्त सम्पत्ति का उक्त क्षेत्रफल 790 वर्गमीटर ही इंतखाव अहमद उर्फ बब्लू ने विक्रेता अमीर अहमद पुत्र शरीफ अहमद से क्रय किया था जिसका बैनामा वही सं0 1 जिल्द सं. 1467 पृष्ठ सं. 647 से 654 दस्तावेज नं. 5774 दिनांक 17.05.2002 को उपनिबधक कार्यालय बहेड़ी में दर्ज कागजात है। तथा उपरोक्त सम्पत्ति का क्षेत्रफल 790 वर्गमीटर से संबंधित चैन/लिंक डीड द. नं.– 5774 की मूल प्रति मैने उक्त सम्पत्ति का बैनामा कराने के दौरान प्राप्त कर ली थी। परन्तु वर्तमान में मुझसे कहीं गुम हो गई है। उपरोक्त लिंक डीड/चैन डीड में वर्णित सम्पत्ति पूर्णतया पाक व साफ है व कहीं भी बन्धक नहीं की गयी है न ही जमानत में प्रयोग की गयी है। उपरोक्त बैनामा मूल दस्तावेज नं. 5774 किसी को अगर प्राप्त होती है तो कृपया मुझे निम्नलिखित पते पर सूचित करने कष्ट करें। किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज नं. 5774 का अगर इस्तेमाल किया जाता है तो वह अवैध माना जायेगा।

**अब्दुल हलीम सिद्दीकी पुत्र श्री अब्दुल सलाम सिद्दीकी**
**नि0ग्राम रिछा पो0 रिछा तहसील बहेड़ी जिला बरेली। मो0नं0 902280004**

## बिनसर वनाग्नि मामले में अज्ञात के खिलाफ केस

**अल्मोड़ा।** बिनसर वनाग्नि कांड के आठ दिन बाद वन विभाग ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। इसमें पांच की मौत हो चुकी है। बिनसर अभ्यारण्य में 13 जून को आग लगी थी, जिसे बुझाने में चार वन कर्मी मौके पर जिंदा जल गए थे, वहीं गंभीर झुलसे हुए चार के एयरलिफ्ट कर दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया। आठ दिन बाद बिनसर वन्य जीव विहार के वन दरोगा जीवन सिंह बोरा ने तहरीर दी है। कोतवाल जगदीश चंद्र देऊपा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 416/पी.आर.ओ./स्वा.वि./न.नि.–शाह./2024–25 | दिनांक : 20.06.2024

**ई–निविदा सूचना**

नगर निगम, शाहाजहाँपुर में ककरा काकर कुण्ड स्थित एम.आर.एफ. सेन्टर पर कूड़े की तौल हेतु इलैक्ट्रक वैट ब्रिज पिट पाइप मशीन की आपूर्ति मय स्थापना कराये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय की आपूर्ति के अनुपालन में ई–निविदा के माध्यम से दिनांक 12.07.2024 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो तद् दिनांक सायं 4:00 बजे खोली जायेगी, अपनी दर ई–निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर डाल सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मात्रा | अनुमानित लागत मय जी.एस.टी. | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य रू. | निविदा जी.एस.टी. व वैबसाइट मैंटीनेंस शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | इलैक्ट्रानिक वैट ब्रिज पिट टाइप मशीन की आपूर्ति मय स्थापना | 01 नग | 1500000.00 | 150000.00 | 1500.00 | 270+250 (520.00) | 15 दिन |

ई–निविदा की क्रयदारी हेतु धरोहर धनराशि नगर निगम के बैंक खाता सं–50265293184 आई.एफ.एस.सी. कोड– IDIB000C632 ब्रांच इन्डियन बैंक, गोविन्दगंज, शाहजहांपुर व निविदा शुल्क व निविदा जी.एस.टी. नगर निगम के बैंक के खाता सं–50200017927485 आई.एफ.एस.सी. कोड– HDFC0000869 ब्रांच एच.डी.एफ.सी. बैंक, शाहजहांपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई–निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम, शाहजहांपुर में निहित होगा।

**नगर आयुक्त**

### कार्यालय ग्राम पंचायत लोहारगवां वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो | दिनांक : 16.6.24

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यो हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**आरती** — **प्रधान** | **विश्वास शुक्ला** — **ग्राम विकास अधिकारी**

### कार्यालय ग्राम पंचायत लाईखेड़ा वि.खं. जैतीपुर, शाहजहाँपुर

पत्रांक : मेमो | दिनांक : 16.6.24

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवाँ वित्त/पंचम वित्त/SLWM/मनरेगा से सी.सी. रोड/इण्टरलॉक रोड/नाली निर्माण/खडंजा नव निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, पंचायत भवन की सामग्री क्रय, एल.ई.डी. लाइट स्थापन/मरम्मत अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत कार्य, हयूम पाइप क्रय, वाल पेंटिंग, स्कूल में शौचालय निर्माण/मरम्मत, कायाकल्प कार्य, आंगनवाड़ी मरम्मत व शौचालय निर्माण/मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग डेस्कटॉप, प्रिंटर, इन्वर्टर, सोलर पैनल बैटरी, सी.सी.टी.वी. कैमरा के कार्य/मरम्मत, विद्युत फिटिंग मरम्मत आदि कार्य कराये जाने है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत में उक्त कार्यो हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.06.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में सीलबंद निविदाएं प्रस्तुत करें। समस्त निविदाएं समिति के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जाएंगी। निविदा निरस्त करने का समस्त अधिकार ग्राम पंचायत को रहेगा।

**शिल्पी** — **प्रधान** | **विश्वास शुक्ला** — **ग्राम विकास अधिकारी**

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 930 फ्लैग 1040 डीएमओ 830 बोल्ड 1105, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1090 डीएमओ 800।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030, **किराना (प्रतिकु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000–16400, अरहर कोरी छोटी 17400, **चीनी**–डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070, बहेड़ी (नई) 4080 रुपये।


# असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई न करने से पैदा हो सकती है बड़ी समस्या: दास

## भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि असुरक्षित कर्ज पर कार्रवाई नहीं करने से बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर आरबीआई की कार्रवाई से असुरक्षित कर्ज में वृद्धि धीमी होने का वांछित प्रभाव पड़ा है। यहां आरबीआई के कॉलेज ऑफ सुपरवाइजर्स में वित्तीय मजबूती पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि असुरक्षित ऋण पर प्रतिबंध इस दृष्टिकोण का परिणाम है कि असुरक्षित कर्ज में वृद्धि के कारण इस बाजार में संभावित समस्या हो सकती है।

उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मुख्य मानदंड अच्छे दिख रहे हैं, लेकिन मानकों में ढील, उचित मूल्यांकन का अभाव और कुछ ऋणदाताओं के बीच असुरक्षित



ऋण को बढ़ावा देने के लिए अंधी दौड़ में शामिल होने की मानसिकता के स्पष्ट सबूत हैं। दास ने कहा-हमने सोचा कि अगर इन कमज़ोरियों पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये एक बड़ी समस्या बन सकती हैं। इसलिए, हमने सोचा कि पहले से ही कार्रवाई करना और ऋण वृद्धि को धीमा करना बेहतर है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि आरबीआई की कार्रवाई का वांछित प्रभाव पड़ा है, क्योंकि असुरक्षित ऋण में वृद्धि वास्तव में धीमी हो गई है। दास ने कहा कि क्रेडिट कार्ड खंड में वृद्धि आरबीआई की कार्रवाई से पहले के 30 प्रतिशत से घटकर अब 23 प्रतिशत हो गई है, जबकि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को बैंक ऋण देने की वृद्धि पहले के 29 प्रतिशत से घटकर अब 18 प्रतिशत हो गई है। पिछले वर्ष 16 नवंबर को आरबीआई ने गैर-जमानती ऋण और एनबीएफसी को दिए जाने वाले ऋण पर जोखिम भार बढ़ा दिया था, जिससे बैंकों को ऐसी परिसंपत्तियों पर अधिक मात्रा में पूंजी रखनी होगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा, "भारत का घरेलू वित्तीय तंत्र अब कोविड संकट के दौर में प्रवेश करने से पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत स्थिति में है।

## अनचाही कॉल, एसएमएस पर लगाम के लिए दिशा-निर्देशों का मसौदा जारी

- मसौदे पर 21 जुलाई तक टिप्पणियां आमंत्रित कीं गईं

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को प्रचार-प्रसार संबंधी फोन कॉल और एसएमएस जैसे अनचाहे एवं अवांछित कारोबारी संचार पर लगाम लगाने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर 21 जुलाई तक टिप्पणियां आमंत्रित कीं। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और नियामकों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार किए गए इन दिशा-निर्देशों में व्यक्तिगत संचार को नहीं रखा गया है। इसमें 'कारोबारी संचार' को प्रचार और सेवा संदेशों जैसी वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित किसी भी संचार के रूप में परिभाषित किया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये दिशानिर्देश कारोबारी संचार से जुड़े सभी व्यक्तियों और संस्थाओं पर लागू होंगे। दिशा-निर्देशों के मसौदे के मुताबिक, व्यक्ति की रजामंदी या पंजीकृत प्राथमिकताओं का ध्यान न रखने वाला कोई भी कारोबारी संचार अनचाहे और अवांछित के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसके अलावा अपंजीकृत नंबर या एसएमएस हेडर का उपयोग करना, कॉल न आने का विकल्प चुनने के बावजूद कॉल करना, डिजिटल सहमति न लेना, कॉल करने वाले और उद्देश्य की पहचान न करना और सहमति बंद करने का विकल्प न देने जैसी स्थितियां भी अनचाही और अवांछित कारोबारी संचार की श्रेणी में रखी जाएंगी।

# आठ देश रखेंगे यूपी में 1000 करोड़ के कारोबार की नींव

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



आयोजित सेरेमनी में पत्रकारों से बात करते डीपी सिंह। ● अमृत विचार

- एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर चल रहा मंथन
- मसाले-कृषि उपकरण के साथ श्रमशक्ति के निर्यात पर फोकस

**अमृत विचार :** अड़चन न आई तो म्यामांर, भूटान, घाना, चिली, फिजी, इजराइल समेत आठ देशों और उत्तर प्रदेश के बीच 1000 करोड़ के कारोबार की नींव पड़ जाएगी। यह संभावना एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डीपी सिंह ने बीते शनिवार-रविवार को हुए कान्क्लेव को सफल बताते हुए जताई। कान्क्लेव में करीब 30 देशों के राजदूतों और व्यापारिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

गुरुवार को आयोजित सक्सेज सेरेमनी के दौरान डीपी सिंह ने बताया कि इन देशों के बीच प्रमुख रूप से मसाला, चिकन वस्त्र, जरदोजी, श्रमिकों की आपूर्ति, भवन और सड़क निर्माण के लिए कांट्रैक्टर समेत कई बिंदुओं पर निर्यात और आयात पर सहमति बन रही है। एमओयू के लिए आए प्रस्तावों पर मंथन चल रहा है।

उन्होंने कहा कि व्यवसायिक अनुबंधों का यह प्रयास उप्र. प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए संगठन की ओर से उठाया गया एक कदम मात्र है। संगठन की ओर यूपी और विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच व्यापार और आयात-निर्यात के लिए मंच उपलब्ध कराया गया। परिणाम उत्साहजनक नजर आ रहे हैं।

**म्यामांर और भूटान को मसाले की दरकार तो रॉ-मैटीरियल के लिए भारत तैयार:** अध्यक्ष बताते हैं कि कोशिश है कि म्यामांर और भूटान समेत दो अन्य देश भारत से मसाले खरीद सकते हैं। वहां से कई वस्तुओं के रॉ-मैटीरियल खरीद के लिए भारत हाथ बढ़ा सकता है। कजाकिस्तान, रूस से जरदोजी वाले चिकन वस्त्र और भदोही के कालीन की मांग पर विचार हो रहा है। यही नहीं फिजी, इजराइल, घाना आदि में मैन पावर की डिमांड है।

### खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की मांग

डीपी सिंह ने बताया कि कृषि उपकरणों की मांग है। फिजी, घाना समेत कई देशों को कृषि उपकरणों की खासी जरूरत है। यहां तक खुरपी से लेकर ट्रैक्टर तक की जरूरत है। ये देश भारत से बड़ी मात्रा में कृषि उपकरण खरीद सकते हैं।

### इजराइल, घाना से श्रमिकों व ठेकेदारों की डिमांड

युद्ध की विभीषिका को देखते हुए इजराइल में सिविल और निर्माण कार्य के लिए विशेषज्ञ ठेकेदारों और मैन पावर आपूर्ति के प्रस्ताव पर भी विचार जारी है। सुरक्षा समेत सभी पहलुओं पर विचार होने के बाद ही इस पर आगे बढ़ा जाएगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,150–55,350 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 884 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

# स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा धन 70 प्रतिशत घटकर चार साल के निचले स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली/ज्यूरिख, एजेंसी**

- आंकड़ों के मुताबिक 9,771 करोड़ रुपये रह गया

स्थानीय शाखाओं और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से स्विस बैंकों में भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों द्वारा जमा धन, 2023 में 70 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ चार साल के निचले स्तर 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (9,771 करोड़ रुपये) पर आ गया है। स्विट्जलैंड के केंद्रीय बैंक की ओर से बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीय ग्राहकों के कुल धन में लगातार दूसरे वर्ष गिरावट आई है।

यह 2021 में 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया था। गिरावट का मुख्य कारण बॉन्ड, प्रतिभूतियों और विभिन्न अन्य वित्तीय साधनों के माध्यम से रखे गए धन में तेज गिरावट है। आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा, ग्राहक जमा खातों में जमा राशि और भारत में अन्य बैंक शाखाओं के माध्यम से रखे गए धन में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। ये स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) को बैंकों द्वारा बताए गए आधिकारिक आंकड़े हैं और ये स्विटजरलैंड में भारतीयों द्वारा रखे गए बहुचर्चित कथित काले धन की मात्रा का संकेत नहीं देते हैं। इन आंकड़ों में वह धन नहीं शामिल है जो भारतीयों, एनआरआई या अन्य लोगों ने तीसरे देश की संस्थाओं के नाम पर स्विस बैंकों में रखा हो सकता है। एसएनबी द्वारा 2023 के अंत में स्विस बैंकों की 'कुल देनदारियों' या उनके भारतीय ग्राहकों को 'बकाया राशियों' के रूप में 103.98 करोड़ स्विस फ्रैंक बताए गए हैं।

## गेहूं कीमतों में स्थिरता के लिए नीतिगत हस्तक्षेप पर विचार कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह देश में उपभोक्ताओं के लिए गेहूं की कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त नीतिगत हस्तक्षेप करेगी। गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंत्रियों की समिति की बैठक के बाद सरकार ने कहा कि उसने अधिकारियों को गेहूं की कीमतों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में दो रुपये प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हुई है।

## राष्ट्रीय

# मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं प्रधानमंत्री : राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने नीट विवाद को लेकर किया दावा, कहा-सरकार चलाने के लिए करेंगे संघर्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूजीसी-नेट और नीट-यूजी की परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के मुद्दे को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं और सरकार चलाने के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रूस-यूक्रेन युद्ध रोक देते हैं, लेकिन पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे या फिर इसे रोकना नहीं चाहते हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि



शिक्षण संस्थाओं पर भाजपा और उसके मातृत्व संगठन से जुड़े लोगों ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक इस स्थिति को बदला नहीं जाएगा तब तक पेपर लीक होना बंद नहीं होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दल संसद के आगामी सत्र में पेपर लीक के मुद्दे को उठाएंगे।

उन्होंने कहा-कहा जा रहा था कि नरेन्द्र मोदी जी ने रूस-यूक्रेन के युद्ध को रोक दिया था। इजरायल और गाजा के बीच युद्ध को को रोक दिया था। लेकिन नरेन्द्र मोदी हिंदुस्तान में पेपर लीक को रोक नहीं पा रहे हैं या रोकना नहीं चाहते हैं। राहुल ने दावा किया, अगर मैं कहूं तो प्रधानमंत्री मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं।

### शिक्षा और भर्ती प्रणाली को तहस नहस कर दिया : खरगे



कांग्रेस ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी सरकार लीक और फ्रॉड के बिना कोई परीक्षा आयोजित नहीं कर सकती। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि इस सरकार ने शिक्षा एवं भर्ती की पूरी व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। मेडिकल में प्रवेश के लिए होने वाली राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे विवाद के बीच, शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए सीबीआई को सौंपा गया है।

### छिटपुट घटनाओं का लाखों छात्रों पर असर नहीं पड़ना चाहिए: प्रधान



मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को फिर से आयोजित करने की विपक्ष की मांग के बीच शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बृहस्पतिवार को कहा कि गड़बड़ी की छिटपुट घटनाओं से उन लाखों विद्यार्थियों पर असर नहीं पड़ना चाहिए, जिन्होंने सही तरीके से परीक्षा पास की है। प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी। यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधान ने विपक्षी दलों से इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करने की अपील की और कहा कि एनटीए के अधिकारियों सहित दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि एनटीए की कार्यप्रणाली की समीक्षा और सुधार के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन जल्द ही किया जाएगा।

# तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में स्थित करुणापुरम क्षेत्र में मातम का माहौल है जहां जहरीली शराब पीने से 34 लोगों की मौत हो गई और इसके चलते कई बच्चे अनाथ हो गए। अधिकारियों ने बताया कि जहरीली शराब पीने से 100 से अधिक लोग बीमार हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा-कल्लाकुरिची में हुई यह घटना नहीं होनी चाहिए थी और इससे मुझे गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि 'मेथनॉल मिश्रित देशी शराब' पीने से 34 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों की विशेष देखभाल करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इस स्थिति की समीक्षा के लिए



तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से एक रिश्तेदार की मौत पर शोक मनाते लोग। ● एजेंसी

संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने इस मामले की जांच करने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी गोकुलदास के नेतृत्व में एक सदस्यीय आयोग गठित करने का भी निर्देश दिया। यह आयोग अवैध देशी शराब पीने से हुई लोगों की मौत के कारणों की जांच करेगा और साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर सरकार से सिफारिश करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहरीली शराब बेचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने जान गंवाने वाले 34 लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की।

## एक नजर

### सीजेआई और साथी न्यायाधीश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ और उच्चतम न्यायालय के उनके साथी न्यायाधीश शुक्रवार को आयोजित होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) समारोह में भाग लेंगे। शीर्ष अदालत की ओर से जारी परिपत्र में कहा गया है, 21 जून 2024 को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, उच्चतम न्यायालय के विस्तारित भवन परिसर के 'सी' ब्लॉक में द्वितीय तल पर स्थित सभागार और 'ए' ब्लॉक के चतुर्थ तल पर स्थित योग एवं मनोरंजन हॉल में रजिस्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### अभिनेता दर्शन की पुलिस हिरासत बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में बृहस्पतिवार को कन्नड़ अभिनेता दर्शन थूगुदीप एवं तीन अन्य आरोपियों की पुलिस हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी। धनराज, विनय और प्रदोष तीन अन्य आरोपी हैं जिनकी पुलिस हिरासत बढ़ायी गयी है। तेरह अन्य आरोपियों को 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उनमें दर्शन की मित्र पवित्रा गौड़ा भी शामिल हैं।

## बिहार के उपमुख्यमंत्री ने नीट प्रश्न पत्र लीक विवाद को राजद से जोड़ा

**पटना, एजेंसी**

- विजय कुमार सिन्हा ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी के राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़े अधिकारियों के साथ संबंध हैं और इसकी उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए।

पटना में संवाददाता सम्मेलन में सिन्हा ने दावा किया कि राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी नीट-यूजी 2024 के कथित पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी सिकंदर प्रसाद यादवेंदु के साथ लगातार संपर्क में था। उन्होंने कहा कि राजद नेता से जुड़े अधिकारी और मुख्य आरोपी के बीच संबंधों की गहन जांच की जानी चाहिए। यादवेंदु समस्तीपुर जिले का रहने वाला है। सिन्हा ने कहा, तेजस्वी यादव से जुड़ा एक अधिकारी सिकंदर के लिए पटना और अन्य स्थानों के गेस्ट हाउसों में ठहरने की व्यवस्था करता था। मेरे पास उन संदेशों का विवरण है जो अधिकारी ने सिकंदर के ठहरने की व्यवस्था करने के लिए संबंधित व्यक्तियों को भेजे थे। उन्होंने कहा कि उनके पास वह मोबाइल नंबर



है जिससे यादवेंदु के ठहरने के लिए संदेश भेजे गए थे। इसकी गहन जांच होनी चाहिए। राजद नेता (तेजस्वी प्रसाद) इस पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, पूरे घटनाक्रम से पता चलता है कि राजद नेता किस तरह भ्रष्ट आचरण में लिप्त हैं। ऐसी खबरें हैं कि आरोपी रांची में न्यायिक हिरासत के दौरान लालू प्रसाद से जुड़ा था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने बृहस्पतिवार को कहा कि नीट पेपर घोटाले के सरगना के राजद नेता तेजस्वी यादव से संबंधों को लेकर उठ रहे सवालों पर तेजस्वी की चुप्पी से प्रतीत होता है कि दाल में कुछ न कुछ काला जररू है। उन्होंने कहा-तेजस्वी जी को बताना चाहिए कि आखिर उनके और पेपर घोटाले के सरगना के बीच क्या संबंध हैं।

## मप्र में पिता को लीवर देना चाहती है नाबालिग बेटी

**इंदौर, एजेंसी**

- उच्च न्यायालय ने सरकार को दिया फैसला करने का निर्देश

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने राज्य सरकार को बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि वह 17 वर्षीय बेटी की सहमति से उसके पिता को यकृत का हिस्सा दान करने से जुड़े अनुरोध पर जल्द से जल्द फैसला करे और तीन दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपे।

अदालत ने शहर के एक सरकारी अस्पताल के प्रबंधन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग लड़की की स्वास्थ्य जांच करके यह बताए कि पिता को लीवर का हिस्सा दान करने के बाद कहीं बेटी को सेहत से जुड़ी कोई समस्या तो नहीं होगी। इंदौर के ग्रामीण क्षेत्र में खेती-किसानी करने वाले शिवनारायण बाथम (42) ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके गुहार लगाई है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी प्रीति को उन्हें लीवर का हिस्सा दान करने की मंजूरी दी जाए। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विनय सर्राफ के सामने इस याचिका पर सुनवाई के दौरान बाथम के वकील ने कहा उनके मुवक्किल को लीवर का हिस्सा जल्द प्रत्यारोपित नहीं किया गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है। राज्य सरकार के वकील ने अदालत को बताया गया कि यह मामला मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार को भेजा गया है।

## अखनूर बस दुर्घटनाः जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक निलंबित

**जम्मू, अमृत विचारः** यूपी हाथरस से शिवखोड़ी जा रही बस गत 30 मई को अखनूर-सुंदरवनी रोड के चौकी चौरा के निकट खाई में जा गिरी थी। इस हादसे में कुल 22 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि 70 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे को संज्ञान में लेते हुए जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अधिकारियों ने जम्मू ग्रामीण यातायात उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार को निलंबित करके उनको पुलिस हैडक्वार्टर में अटैच कर दिया। इससे पूर्व भी हादसे में लापरवाही को लेकर प्रशासन ने आरटीओ कार्यालय लखनपुर प्रवेश द्वार के एक इंस्पेक्टर सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था। इस मामले में आने वाले दिनों में लापरवाही के चलते कुछ और कर्मचारियों पर भी गाज गिर सकती है।

## मैं राजभवन में मौजूदा पुलिस दल के साथ सुरक्षित नहीं : बोस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के मौजूदा दल की वजह से अपनी सुरक्षा को खतरा होने का अंदेशा है। बोस ने हाल ही में पुलिस कर्मियों को राजभवन परिसर खाली करने का आदेश दिया था, जिसके कुछ दिनों बाद यह बयान आया है। हालांकि, पुलिसकर्मी अभी भी राज्यपाल भवन में तैनात हैं। बोस ने कहा-मेरे पास कारण हैं, जिनकी वजह से मुझे लगता है कि राजभवन में तैनात मौजूदा प्रभारी और उनका दल मेरी निजी सुरक्षा के लिए खतरा है।

# चुनाव आयोग को 118 मतदान केंद्रों की ईवीएम की जांच के लिए मिले आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी**


- आठ लोक सभा, तीन विधान सभा सीटों के लिए जांच की आई मांग

चुनाव आयोग को 2024 के लोक सभा और विधान सभा चुनावों से संबंधित कुल 118 मतदान केंद्रों की इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की बर्न्ट मेमोरी/माइक्रोकंट्रोलर यूनिट की जांच अथवा सत्यापन के लिए 11 आवेदन प्राप्त हुए हैं। निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

इनमें से आठ आवेदन छह राज्यों-आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना की आठ लोक सभा सीटों और तीन आवेदन दो राज्यों आंध प्रदेश और ओडिशा के सभा चुनावों की मतगणना के घोषित परिणामों में दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे प्रत्याशियों की ओर से हैं। आयोग ने सात चरणों में कराए गए चुनाव के अंतिम चरण के दिन 1 जून, 2024 को इस तरह की जांच और सत्यापन के लिए अपनाई जाने वाली एक मानक प्रक्रिया (एसओपी ) जारी की थी। इसके अतर्गत आयोग को लोग सभा की जिन सीटों के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं उनमें आंध्र प्रदेश विजयानगरम सीट के वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ने दो विधान सभा क्षेत्रों के एक एक मतदान केंद्र की मशीनों, छत्तीसगढ़ की कांकेर सीट के कांग्रेस प्रत्याशी ने तीन विधान सभा क्षेत्रों के कुल कुल चार मतदान केंद्र , हरियाणा की करनाल सीट के कांग्रेस प्रत्याशी ने कर्नाल और पानीपत विधान सभा क्षेत्र के दो दो मतदान केंद्रो और इसी पार्टी के फरीदाबाद सीट के उम्मीदवार ने बडकल विधान सभा सीट के दो मतदान केंद्रों की ईवीएम मशीनों की मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर यूनिट की जांच की मांग की है। इसी तरह महाराष्ट्र की अहमदनगर लोक सभा सीट के भाजपा के प्रत्याशी ने कुल छह विधान सभा सीटों के 40 मतदान केंद्रों की मशीनों की जांच के लिए आवेदन दिए हैं।

## कर्नाटक में दो लोग मृत पाए गए, शरीर पर गोलियों के निशान

**हासन (कर्नाटक)।** कर्नाटक के हासन जिले में बृहस्पतिवार को दो लोग मृत पाए गए। उनके शरीर पर गोली लगने के घाव हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस को ऐसा संदेह है कि ये हत्या और आत्महत्या का मामला हो सकता है। हासन पुलिस अधीक्षक एम. सुजीता एम. एस. के अनुसार, दोनों व्यक्ति एक कार से होयसला नगर आए थे और एक भूखंड के पास किसी मुद्दे को लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद आसपास रह रहे लोगों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी। एक व्यक्ति कार के बाहर मृत पाया गया, जबकि दूसरा वाहन के अंदर मृत मिला।



# सूर्या की आंधी, बुमराह के कहर से अफगान ध्वस्त

## भारतीय टीम ने अफगानिस्तान को 47 रनों से हराया, सूर्या की फिफ्टी, जसप्रीत-अर्शदीप ने झटके 3-3 विकेट

**ब्रिजटाउन, एजेंसी**

सूर्यकुमार यादव (53) और हार्दिक पांड्या (32) की जूझारु परियों और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारत ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ ग्रुप एक के मुकाबले में अफगानिस्तान को हरा दिया है। आज यहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रोहित शर्मा और विराट कोहली की भारतीय सलामी एक बार फिर फ्लॉप साबित हुई।

तीसरे ओवर में फजलहक फारूकी ने रोहित शर्मा (8) को राशिद खान के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहला झटका दिया। सातवें ओवर में ऋषभ पंत 11 गेंदों में (20) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें राशिद खान ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद नौवें ओवर में राशिद ने विराट कोहली (24) का भी शिकार कर लिया। 11वें ओवर



सूर्यकुमार यादव।

**टी-20 वर्ल्डकप**

- **हार्दिक ने खेली 32 रनों की महत्वपूर्ण पारी**
- **राशिद खान ने तीन विकेट लेकर दिए 26 रन**

में शिवम दुबे (10) को भी राशिद ने पवेलियन भेजा। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर में फजलहक फारूकी ने सूर्यकुमार यादव को आउट कर अफगानिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। सूर्यकुमार यादव ने 28 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (53) रनों की पारी खेली। हार्दिक पांड्या 24 गेंदों में 32 रन और रवींद्र जडेजा सात रन बनाकर आउट हुये। अक्षर पटेल ने छह गेंदों में 12 रन बनाये। अर्शदीप सिंह दो रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 181 रन का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान और फजलहक फारूकी ने तीन-तीन विकेट लिये। नवीन उल हक़ को एक विकेट मिला। 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज (11) का विकेट गवां दिया।

उन्हें जसप्रीत बुमराह ने आउट किया। चौथे ओवर में अक्षर पटेल ने इब्राहिम जदरान (8) को आउट कर अफगानिस्तान को दूसरा झटका दिया। पांचवें ओवर में बुमराह ने हजरतुल्लाह जजई (2) को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। गुलबदीन नईब (17) कुलदीप यादव ने पवेलियन का रास्ता दिखाया।

अजमतउल्लाह उमरजई और नजीबउल्लाह जदरान ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में रविन्द्र जडेजा ने उमरजई (26) को आउट कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। 16वें ओवर में बुमराह ने नजीबउल्लाह जदरान (19) को आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया। 17वें ओवर में कुलदीप ने मोहम्मद नबी (17) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। 18वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने राशिद खान (2) और नवीन उल हक (शून्य) के विकेट चटकाए। अर्शदीप ने 20वें ओवर की आखिर गेंद पर नूर अहमद (12) को आउट कर अफगानिस्तान 134 रन समेट दिया।


जसप्रीत बुमराह।

इसी के साथ ही भारत ने सुपर आठ का अपना पहला मुकाबला 47 रन से जीत लिया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने तीन- तीन विकेट लिये । कुलदीप यादव को दो विकेट मिले। रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने एक- एक बल्लेबाज को आउट किया।

## खेल डायरी

### सैमंस जिम्बाब्वे पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने

**हरारे, एजेंसी।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप के लिये जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के पहले मैच से शुरू होगा। जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज डियोन इब्राहिम सहायक कोच होंगे।

### अंविता ने अपने दूसरे ही टूर्नामेंट में खिताब जीता

**बेंगलुरू।** अंविता नरेंद्र ने अपने दूसरे ही पेशेवर टूर्नामेंट में खेलते हुए गुरुवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के आठवें चरण का खिताब सात शॉट की बढ़त के साथ जीता। न्यू जर्सी में जन्मीं अंविता पिछले हफ्ते अपने पदार्पण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर रहीं थी। उन्होंने यहां अंतिम दौर में दो अंडर 68 के स्कोर से कुल आठ अंडर 210 का स्कोर बनाया। अंविता ने एमेच्योर खिलाड़ी लावन्या जेडोन को पछाड़ा जो अंतिम दौर में 73 के स्कोर से कुल एक अंडर 209 के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं। अपना दूसरा पेशेवर टूर्नामेंट खेल रहीं विधात्री उर्स तीसरे स्थान पर रहीं।

### सेरेवी पुरुष, महिला रग्बी 7 टीमों के मुख्य कोच

**नयी दिल्ली,।** विश्व रग्बी हाल आफ फेम में शामिल वेसाले सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला रग्बी 7 टीमों का मुख्य कोच बनाया गया है। फीजी के सेरेवी क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर 15 प्रति टीम रग्बी खेल चुके हैं। 'किंग आफ सेवंस' कहलाये जाने वाले सेरेवी ओलंपिक में रग्बी सेवंस को शामिल करने के लिये अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के समक्ष विश्व रग्बी के सलाहकार भी रह चुके हैं। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल ने कहा कि रग्बी इंडिया में हम सभी का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना है। हम राष्ट्रीय सेवंस टीमों के मुख्य कोच के तौर पर वेसाले सेरेवी का स्वागत करते हैं।

### भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके

**अंताल्या (तुर्की)।** भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों बृहस्पतिवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं, लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं। विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जायेगी।

# बुमराह के मुरीद हैं एम्बरोज

**ब्रिजटाउन , एजेंसी**

वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्बरोज भारत के जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक हैं और वह नहीं चाहते कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करे क्योंकि उनका मानना है कि हर तेज गेंदबाज चोटिल होने के जोखिम के साथ ही मैदान पर उतरता है।

इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने पिछले साल मार्च में कमर की तकलीफ के कारण सर्जरी कराई थी। लंबे रिहैबिलिटेशन (स्वास्थ्य लाभ) के बाद उन्होंने नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप के जरिये वापसी की और तब से शानदार फॉर्म में हैं। एम्बरोज ने इंटरव्यू में



कहा कि गंभीर चोट नहीं होने की दशा में बुमराह को अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिये। मैं जसप्रीत बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। जब से मैने उसे पहली बार देखा है। वह गैर पारंपरिक गेंदबाज है लेकिन बेहद प्रभावी है और मुझे यही पसंद है। उसने भारत के लिये सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं कुछ साल पहले उससे मिला था जब भारतीय टीम एंटीगा में खेल रही थी। उसकी गेंदबाजी देखने में मजा आता है क्योंकि वह इतना अलग है।

# डेविड के सम्मान में काली पट्टी बांध कर उतरी टीम

**ब्रिजटाउन।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के सम्मान में अफगानिस्तान के खिलाफ यहां गुरुवार को टी-20 विश्व कप सुपर आठ मैच के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1996 में दो टेस्ट खेलने वाले 52 वर्षीय जॉनसन का यहां गुरुवार को अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरकर निधन हो गया। स्थानीय पुलिस ने कहा है कि यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि क्या यह आत्महत्या का मामला था। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों बांह पर काली पट्टी बांधकर मैदान पर बल्लेबाजी करने उतरे। सचिन तेंदुलकर सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने जॉनसन के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड जीता

**ग्रोस आइलेट, एजेंसी**

फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को गुरुवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाये, लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17.3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिये। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाये।

वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी जीत




का श्रेय जाता है जिन्होंने 51 डॉट गेंदें डाली। जोफ्रा आर्चर ने 34 रन देकर और आदिल रशीद ने 21 रन देकर एक एक विकेट लिया और किफायती गेंदबाजी की। साल्ट को सात के स्कोर पर निकोलस पूरन ने जीवनदान दिया जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। उन्होंने बेयरस्टो के साथ तीसरे विकेट के लिये 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की। दोनों के बीच के ओवरों में मेजबान स्पिन आक्रमण का बखूबी सामना किया।

धीमी शुरुआत के बाद इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में खुलकर खेलना शुरू किया जब कप्तान जोस बटलर ने रोमारियो शेपर्ड को दो चौके लगाये। वहीं साल्ट ने अगले ओवर में आंद्रे रसेल को छक्का जड़ा। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए पावरप्ले के छह ओवर में स्कोर बिना किसी नुकसान के 58 रन तक पहुंचाया। आफ स्पिनर रोस्टन चेस ने मेजबान को पहली सफलता दिलाई जब बटलर 108 .9 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली उनकी गेंद पर चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए।

# क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारे अल्कारेज

**लंदन, एजेंसी**

विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्कारेज की इस ग्रैंडस्लैम की तैयारियों को झटका लगा जब गुरुवार को यहां वह क्वीन्स क्लब टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए। यहां गत चैंपियन और शीर्ष वरीय अल्कारेज को जैक ड्रेपर के खिलाफ 6-7, 3-6 से सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। ब्रिटेन के नंबर एक खिलाड़ी ड्रेपर के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है और उन्होंने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन किया। अल्कारेज ने पिछले साल क्वीन्स टूर्नामेंट जीतकर विंबलडन की तैयारी



करते हुए पहली बार इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट को जीता था। स्पेन के अल्कारेज को हालांकि फ्रेंच ओपन में खिताब जीतने के बाद अब तक ग्रास कोर्ट पर सिर्फ दो मैच खेलने का मौका मिला है।

# ऑस्ट्रेलिया को मिल सकती है कड़ी टक्कर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी**

**टी-20 वर्ल्डकप**

- **बांग्लादेश खिलाफ सुपर-8 का मुकाबला आज**
- **टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हरा चुकी है सीरीज**

कागजों पर भले ही यह मुकाबला एकतरफा नजर आता हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप के सुपर 8 के ग्रुप एक में शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए अपना ऑलराउंड खेल दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को इस मुकाबले में उतरने से पहले यह बात अच्छी तरह गांठ बांध लेनी चाहिए कि बांग्लादेश को हल्के से लेना टीम पर भारी पड़ सकता है। बांग्लादेश ने 2021 में अपनी घरेलू धरती पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया था। यहां की परिस्थितियां भी काफी हद तक उपमहाद्वीप से मिलती हैं और ऐसे में किसी भी तरह की ढ़िलाई ऑस्ट्रेलिया को भारी पड़ सकती है।

टीम इस प्रकार है:

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा। रिजर्व: जेक फ्रेजर-मैकगर्क,



मैट शॉर्ट।

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदॉय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।**

# इंग्लैंड और द. अफ्रीका के बीच कड़ा मुकाबला आज

**ग्रोस आइलेट, एजेंसी**

सह मेजबान वेस्टइंडीज को हराकर फॉर्म में लौटे इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के दूसरे मैच में शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के दमदार गेंदबाजी आक्रमण की कठिन चुनौती होगी। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को सुपर आठ चरण के पहले मैच में आठ विकेट से हराया।

अब वह ग्रुप में नेट रनरेट (प्लस 1.34) के आधार पर शीर्ष पर है चूंकि दक्षिण अफ्रीका का नेट रनरेट उससे कम (प्लस 0.90) है। अब दक्षिण अफ्रीका को हराने पर सेमीफाइनल में उसका प्रवेश

**इंग्लैंड के बल्लेबाजों का सामना द. अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी से**

लगभग तय हो जायेगा। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को सुपर आठ चरण के पहले मैच में अमेरिका ने कड़ी चुनौती दी हालांकि उसने 18 रन से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत के लिये 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से 17.3 ओवर में जीत दिला दी। साल्ट एक बार फिर कप्तान बटलर के साथ इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाना चाहेंगे।

# सर्बिया और स्लोवेनिया ने खेला ड्रा

**म्यूनिख, एजेंसी**

स्थानापन्न खिलाड़ी लुका जोविच के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत सर्बिया ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में गुरुवार को स्लोवेनिया को 1-1 से बराबरी पर रोका दिया। इसके साथ ही स्लोवेनिया की टीम यूरोपीय चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज करने से भी महरूम रह गई।

जेन कार्निकनिक ने 69वें मिनट में स्लोवेनिया को बढ़त दिलाई और ऐसा लग रहा था कि टीम एतिहासिक जीत दर्ज करने में सफल रहेगी लेकिन जोविच ने इंजरी टाइम में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया। जोविच के गोल से सर्बिया के दर्शक खुशी से झूम उठे लेकिन



उन्होंने मैदान पर चीजें भी फेंकनी शुरू कर दी। गोल होने के बाद खेल शुरू होते ही रैफरी ने मैच खत्म होने का इशारा करने वाली सीटी बजा दी जिसके बाद स्लोवेनिया के खिलाड़ियों के चेहरों पर निराशा साफ देखी जा सकती थी। अपने पहले मैच में डेनमार्क से ड्रॉ खेलने वाली स्लोवेनिया की टीम अपना अंतिम ग्रुप मैच मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी जबकि इसी दिन सर्बिया की भिड़ंत डेनमार्क से होगी।

# जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम के साथ जा सकते हैं लक्ष्मण

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वीवीएस लक्ष्मण और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उनका सहयोगी स्टाफ छह जुलाई से शुरू हो रही पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा कर सकता है जबकि गौतम गंभीर के कोच के तौर पर अपना कार्यकाल श्रीलंका दौरे से शुरू करने की उम्मीद है। जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा इस हफ्ते के अंत में होगी जो 22 या 23 जून को हो सकती है। गंभीर महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच डब्ल्यूवी रमन को पछाड़कर इस समय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच बनने के प्रबल दावेदार हैं।

# बांग्लादेश से दो टेस्ट व तीन टी-20 खेलेगा भारत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी सीनियर पुरुष टीम के 19 सितंबर से 12 फरवरी तक के कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अपने कैलेंडर में पांच घरेलू टेस्ट के बाद आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी सरजमीं पर पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा।

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई और कानपुर में दो टेस्ट मैच खेलेगी जिसके बाद बेंगलुरु, पुणे और मुंबई में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी। इन पांच टेस्ट के अलावा भारत को घरेलू मैदानों पर आठ टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा जबकि इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी-20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे की पूर्ण श्रृंखला 22 जनवरी से 12 फरवरी तक खेली जायेगी।

बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम वनडे से भारत का घरेलू सत्र भी खत्म हो जायेगा क्योंकि इसके बाद टीम चैम्पियंस ट्राफी के लिए रवाना होगी जिसके 'हाइब्रिड मॉडल' में खेले जाने की उम्मीद है क्योंकि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम के पाकिस्तान की यात्रा करने की उम्मीद नहीं है। भारत का घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगा और दूसरा टेस्ट कानपुर में 27 सितंबर से खेला जायेगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ

- **पहला टेस्ट :** बेंगलुरु (16-20 अक्टूबर)
- **दूसरा टेस्ट :** पुणे (24-28 अक्टूबर)
- **तीसरा टेस्ट :** मुंबई (1-5 नवंबर)

### बांग्लादेश के खिलाफ

- **पहला टेस्ट :** चेन्नई (19-23 सितंबर)
- **दूसरा टेस्ट :** कानपुर (27 सितंबर-एक अक्टूबर)
- **पहला टी-20 :** धर्मशाला (6 अक्टूबर)
- **दूसरा टी-20 :** दिल्ली (9 अक्टूबर)
- **तीसरा टी-20 :** हैदराबाद (12 अक्टूबर)

### इंग्लैंड के खिलाफ

- **पहला टी-20 :** चेन्नई (22 जनवरी)
- **दूसरा टी-20 :** कोलकाता (25 जनवरी)
- **तीसरा टी-20 :** राजकोट (28 जनवरी)
- **चौथा टी-20 :** पुणे (31 जनवरी)
- **पांचवां टी-20 :** मुंबई (2 फ़रवरी)
- **पहला वनडे :** नागपुर (6 फरवरी)
- **दूसरा वनडे :** कटक (9 फरवरी)
- **तीसरा वनडे :** अहमदाबाद (12 फरवरी)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

